—'*Maan na Maan Main tera Mehmaan*'—he won't let you leave the Annual unless you give him a reading.

CALCUTTA

(A depressing and an exhilarating city)

By MAHARAJ KRISHAN RAINA

We live in Calcutta. It is therefore natural that we should feel concerned when they say this city is facing a catastrophe—a catastrophe com pounded of overcrowding and poverty, of pent-up frustration and human degradation. The impending explosion, it is feared, threatens the future of all of India, to whose economic development Calcutta holds the key. Perhaps, these fears are not true. And the metropolis is not yet that bad. But, it is getting there ; Calcutta continues to deteriorate.

The City's port handless about half India's exports. Into Calcutta come equipment and supplies for a huge coal-iron-steel industrial complex—the 'Ruhr' of India—that is growing to the northwest. But Hooghly is silting rapidly and making navigation increasingly difficult. Railways are far overburdened with passengers and freight. Only one up-to-date bridge, 'Howrah', crosses the river to the western suburbs. Only one main road 'B.T.' connects the city with its industrial belt and winds through thirty miles of congestion. So the economists ponder : What is the point of struggling to industrialise the country, of building yet another steel plant at Bokaro, if one cannot adequately transport raw materials, labour and finished products ? What is the point of growing tea and jute, the biggest earners of foreign exchange, if one may be unable to get them to world markets ? Without foreign exchange, how can the country buy generators for power plants, petroleum for automobilies, aircraft for defence, so on and so forth.

It is no exaggeration to say that for the most part the 270 square miles of the city and its suburbs are a jam-packed eyesore. Greater Calcutta is dotted with illegal squatters' colonies and bustees —clusters of flimsy mud huts in each of which as many as ten persons sleep, cook, eat and argue, and make love in the same room.

Slum dwellers bathe and sometimes quench their thirst in stagnant, scum-covered ponds cholera, typhoid, small pox, chronic dysentery and a host of other diseases thrive.

Many streets are moelstroms of buses, motor cars, taxis, oxcarts, Gora Gharis and Thela Gharis. The big hotels, the air-conditioned bars, night clubs and restuarants ring with the gaiety of the rich.

Hardly a week goes by without a demostration, mass meeting, or strike in protest against what the instigators insist, rightly or wrongly, is injustice. Today the students are angry, tomorrow the mill workers, the next day the corporation employees. For the common man the life is an endless quagmire of filth and congestion— congestion at home, on the tram, in the canteen, even at the cinema, if he can afford to visit one .

At the root of Calcutta's crises is the fact that the city grew haphazardly from three marshy villages which Job Charnock, a British merchant, bought in 1690 for 16,000 rupees. One village was called Kali Katta (abode of the Goddess Kali), after which the city may have been named. As the port developed, city mushroomed. It became the headquarters of the British East India Company and was, from 1774 until 1912, the capital of India.

After independence, the already jammed metropolitan area was swollen further by the influx of 1,600,000 refugees from East Pakistan. Since then, tens of thousands of other job-seekers, forced off farmland by the presssure of population, have migrated to Greater Calcutta every year. Within the city limits, the population density has grown to 75,000 persons a square mile. About 24 per cent of the people live in slums. And all this has led to "a deterioration of all economic values".

Of course, Calcutta, like most big cities has its pleasant attractions. There is man-made lake and the picturesque strand which provide recreation for thousands. Its museums and art galleries are treasure mines of Indian lore. On the maidan, Yogis demostrate their skills, pot bellied merchants practice calsthenics, British business men putt golf balls, Mohan Bagan and East Bengal show their mastery over foot-ball, students play cricket and would-be poets sit beneath shade trees and try to emulate Tagore and/or Keats.

Although about 42 per cent of the city's population is illiterate, yet Calcutta is a capital of culture. Its prose and poetry, mostly in Bengali language, are perhaps the richest of India. It is a home of traditional music, abstract painting and avant grade drama. Its College-Street with its sidewalk bookstalls and Coffee House, looks every inch an 'intellectual' den.

They say New York is many cities. So is Calcutta. It is a hodgepodge of neighbourhoods, each an integral part of the whole but also with an individual flavour. Its New-market and bazzars are the delight of shoppers.

Calcutta is both a depressing and an exhilarating city ; it throbs day and night with nervous energy. It excites the heart of a native Kashmiri, one who exults in the awareness that he can always make new discoveries, that any thing can happen at any time.

(*Continued from page 41*)

getting richer and the "old poor" getting poorer. The old aristocracy from the past seems to have slipped gently out of position. A new and growing class has taken its place. The die-hard reactions of some of the old "haves" can, therefore, be understood and appreciated. They need time and sympathy to further adjust themselves to the changed and changing social order in the State.

Kashmir has always been the cradle of secular security in India. There are few places in our country where Hindus, Muslims, and Sikhs have, I believe, merged and coalesced so well as there. That was mainly why Kashmiris gave such magnificent and uncommon proof of humanity and brotherliness in the terrible and dark days of the partition, in the midst of a raging conflagration of hate and murder, of arson and loot that so shamefully and tragically over-took many parts of our country. To-day Hindus and Sikhs in the State have an honorable place in their home-land and they are partners in and participants of the great and unprecedented prosperity of the State.

There has been a cultural renaissance almost over-night. The language, the dance, the drama, and the folk songs of a tortured and long enslaved people are now the proud and expanding heritage of a race that after many vicissitudes and tragedies has come to find its feet and have an erect bearing. For those of us who have seen the manacled and mangled past this is a great time indeed !

More than all the prosperity, more than all the development that I saw around in Kashmir, is the new spirit that rules and pervades among the people. It sparkles in their eyes, is evident from their talk, and can be guessed at even from their gait.

Like the rest of India Kashmir too, however, has its share of doubting Thomases. I was reminded by some of them of the fact that it was in 1928 that on his exit from the State the late Sir Albion Benerji said in a famous interview at Lahore ! "The Garden of India is full of weeds". I was told that all the weeds have not disappeared yet. I do not know, though I have to confess to having had an uncomfortable feeling from what I heard and saw while in the State that society in Kashmir appears to be moored today to eroded and eroding moral values. This may be part of the

(*Continued on page 63*)

It's Wonderful to be a Husband

By UDAI KAUL.

(A rejoinder to Bilas Razdan's Article "It's wonderful to be a wife" appearing in a previous issue of the News and Views).

To return to the warmth of your home after the hard knockings in the office and see your self confidence and importance reviving, isn't it wonderful ?

To get drowned in the affection that oozes out of the eyes which speak more than words can tell, isn't it wonderful ?

To sort out, at the close of the day, the problems of the children and the servants, and may be of "Mama-in-law", and get the feeling that you can restore things to order, isn't it wonderful ?

To send your sweet one to the hills the moment she refers to the weather, and yourself weather humidity and 110's F so that you are able keep someone on the hills, isn't it wonderful ?

To live in company and command of the greatest dissipator of incomes known to man that your sweet heart is, and thus get no opportunity to save and later face the vain prospect of attempt-to keep away from the vigilant eyes of Morarji Desai and his tribe, isn't it wonderful ?

To spread your arm of protection over somebody who is shrewd enough to give you the feeling of your being so valuable and indispensable, and who needs a he-man like you, isn't it wonderful ?

To talk of old times, when there was no servants problem and when your relations and neighbours were not so much puffed up as they are at present, and to muse sometimes wistfully of future when the liabilities would be over and no cutting the coat according to cloth, isn't it wonderful ?

To attempt to grasp something difficult, something elusive, but by no means unreal and having known and understood so much about the person you pride in calling your wife, and then one fine moment realizing how little you knew about things, isn't it wonderful ?

To be able to give the feeling that you can be drawn upon for an inexhaustible supply of anything, be it masculine comforting, money, or anything, isn't it wonderful ?

To be able to act Alchemist-like in transforming a wan and a taken-for-granted face into one of glow and warmth by talking the poetic, though time worn, words and see glamour reviving, isn't it wonderful ?

To let the interested know from miles far sooner than you can imagine that you are already married and be safe from meaningful and amorous eyes of others, isn't it wonderful ?

Student Section

Rashtriya Indian Military College

By ABINASH KAUL, (12 yrs.).

Last year in July an advertisement appeared in the "STATESMAN" for admission to the Rashtriya Indian Military College, Dehra Dun. The examination in written papers (English and Mathematics) general knowledge test and interview by a board took place in August. Thirty boys appeared from West Bengal whereas only two seats are allotted to West Bengal. In October three boys including me were called for a medical examination in the Army Hospital, Calcutta which lasted for three days. While I was in the hospital a gentleman, who was under training there, seeing my mother's "DEJHURU" asked her in Kashmiri the reason for our being there. On hearing the reason from my mother he was surprised and wondered how she could afford to send a boy of $10\frac{1}{2}$ years to take an army career. Anyway the results were out in 1st week of January and a telegram from the Principal informed me that I should reach Dehra Dun on 19th January, 1963. I had secured first position from West Bengal. All these months I was anxiously waiting for the results and naturally I was overjoyed when the telegram came. There was some opposition from some near relations for my taking army career. The preparations started and I left Howrah Station on 17th January in Doon Express. In all twenty-two boys were admitted from all over India. Next day a classification test was taken and four boys including me were put in Class II and others in Class I and thus I saved one year. A cadet spends 5 years in the College.

Life is nice and pleasant in Dehra Doon. The climate is good. The College has two hundred and ten boys (cadets) on its rolls, divided into three sections, Pratap, Ranjit and Shivaji. It is truly a national institute having cadets from all over India.

We get up at 5-30 a.m. and having bed tea go for P.T. and then for a bath. Between bath and breakfast we have classes for two periods. After breakfast till lunch we again have classes. This is followed by a sleeping interval, tea, games, bath and then Roll Call. After this we have to go to the classroom for two hours and do homework and then to the Mess for our dinner. At 9-30 p.m. lights are off and we go to sleep in our beds. The whole day is occupied and we get no time to think about our homes. In the beginning I used to cry in my bed when lights were off. That was the only time when I used to think about my home.

Once in a week a Hindi or English picture is shown to us. There are games for everyone and we are taught to play the game for game's sake and not be worried about the results. Above all we are taught the friendship, loyalty and other etiquettes of life and of course studies. Much importance is placed on discipline and character building. The teachers are excellent people and give individual attention to the cadets. The food is excellent which we need most after working hard in the college and the field. Among its' old boys there are generals, ambassadors etc. who visit the college sometimes, to inspire us and renew their association with the college.

I am just now having summer vacation and will be back at the college on 1st August, 1963, among my friends and teachers.

A Rainy Day

By JAWAHAR BHAN
AGE 13
ST. XAVIER SCHOOL

The noise of the storm woke me in the small hours of the morning. The night was made bright by vivid flashes of lightning and the thunder rolled around the house-tops almost like a solid thing that might at any moment crash through the roof. By dawn the violence of the elements had died down, but there was still a steady downpour of rain and the sky was an unbroken grey.

It was refreshing to go out in the cool air after the long weeks of stifling heat we had just been passing through. Everyone and everything looked revived. The trees already seemed to be green, the roads were certainly cleaner than they had been for months, and even the people seemed not to mind the inconvenience of wet umbrellas and soaking shoes for the sake of the freshness and coolness of the air.

As the day worn on, however, the novelty of a wet day after nine months drought began to wear off and people could see its inconveniences.

Floods stopped trafic in certain places, buses were late and over crowded, and though it may be quite plasant to take a brisk walk in the rain, nobody likes standing in a queue in wet clothes with the drips from the next person's umbrella dropping down the back with cold, clammy frequency !

And look at this miserable family of dhobies. There they sit in their shop surrounded by bundles of wet and dirty clothes and no hope of getting any of them dry until the rain ceases. When they eventually return the laundry, days late, they will be grumbled at and cursed by the irate householder who has had no clean clothes with which to replace his soaked garments when he returns home in the evening. Who would be a dhobi during the monsoon period ? There may be a certain pleasure in watching pouring rain, but for beggars and the homeless and destitutes, a rainy day is poor fun

(*Continued from page 47*)

have been able to bring her back. The accursed ones put on her these bangles which they had looted from the village. We gave them little time to escape. They had to leave her behind along with the bangles." Sudarshan Pandit moved his lips to say something.

"But, Panditji, she must have had a weak heart, a very weak heart. With this much alone, she has gone mad."

Yes, mad ! That is what he had thought. Mad beyond *Mantras* and the rituals—beyond the Guru himself, the master of nine stars. The rock-head and the ravines became one, and Guru Sudarshan reeled and fell.

(*Continued from page 55*)

travail of the transition—a passing phase. I have, however, yet to see a garden which does not have its growth of weeds. Only dream gardens can have none !

Be that as it may Kashmir is on the march. There may have been, as some say, stumblings here and there, false steps now and again, wrong turnings on the road sometimes, but the genuineness and the intensity of the march ahead is difficult to deny. The "New Kashmir" of the dreams of many is fast in the making, and a resurgent Kashmir is on the move to undo the sears of the wrongs of time and the wrath of man and history over the centuries.

INDEX TO ADVERTISERS.

वि
त
स्ता

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन्,
मा कर्मफल हेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्व कर्मणि।

—गीता

१५ अगस्त, १९६३

वि
त
स्ता

कश्मीर सभा, कलकत्ता की मासिक पत्रिका न्यूज एण्ड
न्यूज का वार्षिक अंक

वितस्ता

कश्मीर सभा, कलकत्ता की मासिक पत्रिका न्यूज एण्ड न्यूज का वार्षिक अंक

विषय	अंक	लेखक
अपनी बात	१	सम्पादक
अमरनाथ और क्षीर भवानी	२	चमनलाल सपरू, श्रीणगर
पण्डित रतन नाथ दर 'सरशार'	५	ब्रजकृष्ण गुर्टू, लखनऊ
जेठ आठम (ज्येष्ठ अष्टमी)	८	प्रेमनाथ कौल, कलकत्ता
कृष्ण आओ	१२	स्वर्गीय त्रिभुवननाथ साहिब भान (फर्याद)
कमला	१३	नीभा रानी कौल, कलकत्ता
ललिता	१७	श्यामलाल वली तीर्थ कश्मीरी (श्रीणगर)
छात्र विभाग		
मेरा यज्ञोपवीत	१६	ललित रैणा, कक्षा ८
पहेलियाँ	२०	प्रतिभा कौल, कक्षा १०
हँसो और पेट फुलाओ	२०	जवाहर भान, कक्षा ७
मेरी कुकरनाग तथा पहलगाम यात्रा	२१	भुपेश ओग्रा, कक्षा ५
समुद्री जहाज	२२	कमल कुमार रैणा, कक्षा ५
मेंहदी रात	२२	कल्पना ओग्रा, कक्षा २

१५ अगस्त, १९६३

३, शिवनारायण दास लेन,

कलकत्ता-६

अपनी बात

काश्मीर सभा कलकत्ता के इतिहास में १५ अगस्त १९५९ बड़ा महत्वपूर्ण दिन है। इसी दिन हमारी मासिक पत्रिका 'Monthly News Letter' का जन्म हुआ। पहला वार्षिक अंक १५ अगस्त १९६० को प्रकाशित हुआ और तबसे प्रति वर्ष यह वार्षिक अंक प्रगति की राह पर अग्रसर हो रहा है। दूसरे वर्ष यानी १९६० में इस मासिक पत्रिका का नाम 'News & Views' रखा गया और इसी नाम से यह अभी तक प्रत्येक महीने प्रकाशित हो रहा है। गत वर्ष से वार्षिक अंक का नाम 'Vitasta' (वितस्ता) दिया गया। यह नाम हमारे स्वर्णीय अतीत से, हमारी जन्मभूमि से तथा हमारी परम्परा से जड़ित है। यह नाम सुनकर हमारे रोम-रोम खिल उठते हैं।

इस मासिक पत्रिका से कललत्ता तथा पूर्वी भारत में रहने वाले कश्मीरी पण्डित एक दूसरे के बहुत करीब आ गये हैं। अपने समाज सम्बन्धित सभी बातों की जानकारी प्राप्त होती है और एक दूसरे के सुख-दुख की खबर मालूम होती है। प्रत्येक व्यक्ति प्रतिमास की पन्द्रह तारीख को इस पत्रिका की बड़ी प्रतीक्षा करता है। वार्षिक अंक का मूल उद्देश्य विज्ञापनों द्वारा इस संस्था के लिये कुछ आर्थिक सहायता प्राप्त करने का है। साथ ही इसमें छपे लेखों से निज सम्बन्धित ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रों की थोड़ी बहुत जानकारी भी होती है। हमारे कुछ सज्जनों को तथा हमारे छात्रों को अपने विचार प्रकट करने का अवसर भी प्राप्त होता है।

१९५६ फरवरी के मास में चन्द उत्तेजित युवकों के जोश दबे न रहे और इस संस्था 'कश्मीर सभा' का जन्म हुआ। तब तक कई प्रयत्न हुये थे पर कोई प्रत्यक्ष रूप न दे सका। हाँ, कुछ ऐसी घटनाएँ जरूर हुईं जिनसे इस संस्था का होना अति आवश्यक हुआ। सभा बनी, संविधान बना, सदस्य बने, प्रत्येक वर्ष संविधान के अनुसार नई कमीटी का चुनाव हुआ, मतलब यह कि धीरे धीरे इस संस्था की जड़ें मजबूत हुईं। शिवरात्रि, नवरेह (नवरोज) जन्मत्रय, जन्माष्टमी मनायी जाती है, जब हमें आपस में मिलने का मौका मिलता है, इन अवसरों पर बड़ी रौनक होती है। केवल इतना ही नहीं हमारे बच्चों का भी एक दिवस मनाया जाता है। उनको पुरस्कार मिलते हैं। यही बच्चे—हमारे समाज के प्रदीप —कल इस संस्था के संरक्षक हैं। आज से ही इस सभा के कामों में बड़े चाव से भाग लेते हैं।

पिछले तीन वर्षों से 'हवन (यज्ञ) भी होता है। हवन का दृश्य देखने योग्य होता है। कई तो धार्यिक श्रद्धा लेकर इसमें शामिल होते हैं। कई तो इस उत्सव को देखकर कशमीर के वातावरण को याद करते हैं और कई तो इस उत्सव की चहल-पहल, हंसी-मजाक, सामाजिक मेलजोल से आनन्द पाते हैं—गरज यह कि इस उत्सव में सभी प्रकार के व्यक्ति चाहे, आप वे आस्तिक-नास्तिक कोई हों, शामिल होकर आदन्दमय हो जाते हैं।

सभाके कार्य क्षेत्र को और भी विस्तृत किया जा सकता है। कई चाहते हैं कि यहाँ एक कशमीरी भवन बनना चाहिये और कुछ चाहते हैं कि कई योग्य कशमीरी छात्रों को सभा की तरफ से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये आर्थिक सहायता के रूप में छात्रवृत्ति का प्रबन्ध होना चाहिये। सभा को सर्वप्रिय तथा इसके शुभकांक्षियों को सभा के द्वारा अधिक लाभ दिलाने की कई ऐसी योजनाएँ बनायी जा रही हैं। ऐसा कार्य सभी के सहयोग से होता है और आशा है कि इस प्रयास में सभी साथ तथा हर तरह की सहायता देने से मुँह नहीं मोड़ेंगे। सभा का भविष्य बड़ा उज्वल है।

कश्मीर के दो प्रमुख तीर्थ-स्थान—

अमरनाथ और क्षीर भवानी

लेखक : चमनलाल सपरू, श्रीणगर

कश्मीर न केवल प्राकृतिक दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है, अपितु यहाँ के असंख्य तीर्थ साधकों के लिए आकर्षण का केन्द्र हैं। प्रायः प्रतिवर्ष हजारों पर्यटक केवल मात्र यहाँ के प्रमुख तीर्थों पर आकर पुण्यार्जन करते हैं। 'वितस्ता महात्म्य' में कहा गया है कि जितने भी तीर्थ संसार भर में हैं, वे सब कश्मीर मंडल में हैं (पृथिव्याँ यानि तीर्थानि तानि कश्मीर मंडले)। कश्मीर की भौगोलिक स्थिति ही कुछ अलौकिक है। चारों ओर हिमाच्छादित पर्वत मालायें, नदी-नालों, चश्मों और झीलों से व्याप्त और सुरम्य घाटियों एवं वन प्रदेशों वाला यह कश्मीर मंडल प्राचीनकाल से ऋषि वाटिका (क० ऋष्यवॉर) कहलाता आया है। यहाँ ऐसे अनेक महापुरुष और देवियाँ हुई हैं जिनका आध्यात्मिक क्षेत्र में बड़े ही आदर के साथ नाम लिया जाता है। प्रत्येक कश्मीरी हिन्दू के लिए यहाँ का एक-एक पर्वत शृंग, चश्मा और वृक्ष एक पवित्र वस्तु है, अतः पूजा के योग्य



अमरनाथजी (अमरेश्वर लिंग)

है। अखिल भारतीय स्तर पर केवल मात्र अमरनाथ और क्षीर भवानी के तीर्थ-स्थान अधिक महत्वपूर्ण हैं। इन तीर्थ स्थानों ने कश्मीर को सांस्कृतिक क्षेत्र में शेष भारत के निकट लाने में काफी सहायता दी है। प्रस्तुत लेख में उपर्युक्त दो तीर्थों का संक्षिप्त वर्णन दिया जाता है।

श्री अमरनाथ जी—यह पवित्र स्थान श्रीनगर से ८७ मील उत्तर-पूर्व की ओर स्थित है। यहाँ प्रतिवर्ष श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबन्धन) के दिन दर्शनार्थ यात्री जाते हैं। सरकार तथा धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से यात्रियों तथा साधुओं के लिए पूरा प्रबन्ध किया जाता है। अमरनाथजी जाने के दो प्रमुख मार्ग हैं। एक सोनामर्ग का रास्ता और दूसरा पहलगाम का रास्ता। पर्यटक कभी सोनामर्ग के रास्ते से जाते हैं, किन्तु यात्रा पहलगाम के मार्ग से ही होती है। पहलगाम तक, जो श्रीनगर से ५७ मील दूर है, मोटर, लारी से जा सकते हैं। उसके आगे घोड़े, पालकियों, (डाँडियों) के द्वारा अथवा पैदल जाया जा सकता है।

यात्रा के आगे पवित्र छड़ी लेकर दशनामी अखाड़ा (श्रीनगर) के महन्तजी जाते हैं—और उनके पीछे शेष यात्री। अमरनाथजी के चढ़ावे का तीसरा भाग महंथजी को ही जाता है। अनन्तनाग और पहलगाम से होते हुए अमरनाथ का रास्ता बहुत ही सुन्दर प्राकृतिक दृश्यों के बीच में से जाता है। यह प्रदेश "लिदर घाटी" के नाम से प्रसिद्ध है। पहलगाम में बहने वाली लिदर (सं० लम्बोदरी) के बहने से इस घाटी का यह नाम पड़ा है। इस घाटी के मनोहर दृश्य, घने जंगल, ऊँचे पर्वत, ग्लेशियर आदि यात्रा को और भी मनोरंजक बनाते हैं।

पहलगाम तक सुहावना मौसम रहता है। वावजिन से आगे वर्षा और बर्फ भी कभी-कभी गिरती है, जो यात्रा में प्रायः अड़चन का कारण बनती है। मौसम में प्रायः परिवर्तन आता रहता है, अतः यात्रियों के लिए काफी और गर्म बिस्तरा तथा कपड़ों का होना आवश्यक है। प्रायः कई पड़ावों पर रहने के लिए खीमें (तम्बू) भी होने चाहिए।

"छड़ी" श्रीनगर से प्रारम्भ होती है। इसकी पूजा महाराज कर्ण सिंह करते हैं और साधु लोग प्रायः इसी के साथ-साथ जाते हैं। शेष यात्री आगे पीछे जाकर पहलगाम से "छड़ी" के साथ मिल जाते हैं। भारत के अन्य स्थानों से साधु-सन्त पहले से ही कश्मीर पहुँच जाते हैं। यद्यपि प्रायः पर्यटक होटलों तथा हाउस बोटों में रहते हैं, किन्तु साधु-सन्त धर्मशालाओं में ही रहना पसन्द करते हैं। उनके लिए श्रीनगर में निम्नलिखित स्थानों पर निवास का प्रबन्ध हो सकता है :—दुर्गानाग, रामबाग,प्रतापभवन,गणेश मन्दिर,शिवाला मन्दिर कर्णनगर,हनुमान मन्दिर, नारायणमठ, श्री चन्द्रचिनार, दशनामी अखाड़ा, बाबा धर्मदास आदि।

पहले यात्रा की "छड़ी" ले जाने का प्रबन्ध ११०८ श्री जगत्गुरुश्री

शङ्कराचार्य स्वामी शिवरत्न गिरि महाराज के अधीन था। आप दुर्गानागके संस्थापक थे और साधु-सन्यासियोंके लिये सर्वत्र उचित प्रवन्ध किया करते थे।

स्व० महाराज प्रताप सिंह जी, जो काफी धर्मात्मा थे, ने स्वयं इस तीर्थ की यात्रा की और यहाँ जाने के मार्ग को काफी हद तक ठीक कराने में सहायता दी। १९५३ में कश्मीर के सद्रे रियासत महाराज कर्ण सिंहजी ने इस स्थान की यात्रा की और एक पुस्तक 'दी ग्लोरी ऑव अमरनाथ' लिखी। प्राचीन समय के यात्रियों में आद्य जगद्गुरु शङ्कराचार्य ने इस पवित्रतम तीर्थ की यात्रा की। वर्तमान शताब्दी में स्वामी विवेकानन्द तथा स्वामी रामतीर्थ जी ने इस तीर्थ की यात्रा की है।

स्वामी विवेकानन्दजी के विषय में बहिन निवेदिता (मार्ग्रेट नोबल) ने "श्री स्वामी विवेकानन्दजी के साथ कुछ भ्रमणों के विवरण में श्री स्वामी जी के अमरनाथ दर्शन का वर्णन करते हुए लिखा है—"श्री स्वामीजी गुफा में प्रवेश करके इतने अधिक प्रफुल्लित हुए थे कि उनका सारा शरीर रोमांचित (गद्गद्) हो उठा था, वह भक्ति में तल्लीन हो गये और स्वामीजी ने बाद में कहा—"मैं इतना आनन्दविभोर हो उठा हूँ जैसे कि यह हिमलिंग साक्षात् शिव हैं।' वहाँ पर तस्कर-प्रकृति (छीना झपटी करने वाले) पण्डे न थे, कोई व्यापार न था, कोई धोखा-धड़ी न थी, बल्कि यह सब पूजा और श्रद्धा थी। मैंने आज तक कभी ऐसा धार्मिक स्थान नहीं देखा है।" श्री स्वामीजी स्वयं बताते थे कि उन्हें एक इन्द्र-जाल-सा अनुभव हुआ, जो कि उन्हें गुफा में प्रत्यक्ष हुआ। साक्षात् शिव उनके सम्मुख प्रकट हुए और उन्हें (गुफा मेंस्वामीजी को)अमरत्व का वरदान दिया, जो कि अमरनाथ—अमरत्व प्रदान करने वाले भगवान का वर है।

इसके अतिरिक्त प्राचीन समय में कश्मीर के अनेक ऋषियों, मुनियों ने इस स्थान पर बहुत समय तक रहकर योगाभ्यास के द्वारा परम सिद्धि को प्राप्त किया। कश्मीर के प्रसिद्ध भक्त "सोद्य-वोन्य" (सुदर्शन दुकान-दार) ने शिवरात्रि को अमरनाथ के निकट शिश्रम नाग में भगवान शिव का साक्षात्कार किया था।

माहात्म्य :—भृंगेश संहिता में अमरनाथ का माहात्म्य इस प्रकार वर्णित किया गया है। "देवताओं ने मृत्युभय से सुरक्षित रहने के निमित्त महादेवजी से अमर होने का उपाय पूछा—महादेवजी ने अपनी जटाओं को निचोड़ कर अमृत की धारा बहा दी, जो आज तक अमरावती के रूप में वहाँ पर अब भी प्रवहमान है। इस अमृत के कण महादेवजी के शरीर पर जम गये और बाद में पृथ्वी पर गिरे और इस प्रकार 'अमर-भभूति' का निर्माण हुआ। यह आज तक वहाँ पर श्वेत और नर्म मिट्टी के समान वहाँ पाई जाती है। महादेवजी की जटाओं से गिरे हुए अमृत से जमकर पहाड़ पर लिंग का आकार बन गया। इसका ही नाम अन्ततः 'अमरेश्वर लिंग' पड़ गया। महादेव जी ने अपने माथे पर धारण किये हुए चन्द्रमा की एक कला लिंग को दे दी, जिसके कारण यह लिंग अब तक चन्द्रमा के साथ घटता और बढ़ता रहता है। देवताओं ने अमरावती में नहाकर और शरीर पर अमर भभूति लगाकर लिंग की पूजा की तथा अमृत जल पीकर अमर हो गये।

'गुफा' के विषय में इस प्रकार वर्णन किया गया है। पार्वतीजी ने अपने पति महादेव से अमर होने का उपाय पूछा। पार्वती के अनुरोध करने पर भगवान महादेव ने इसी गुफा में 'अमरकथा' कही। किन्तु महा-देवजी का एक नन्दीगण कथा बराबर सुनता रहा। महादेवजी ने उचित न समझा कि यह कथा प्रकट हो जाये और नन्दीगण को अपने श्राप के द्वारा कपोत के रूप में परिवर्तित किया। आज भी इस निर्जन गुफा में कपोत पाये जाते हैं, जिनके दर्शन करने से यात्री अपने को धन्य मनाते हैं। अमरनाथ की यात्रा कलियुग में अधिक फलदायक मानी गयी है। ऐसा भी कहा जाता है जिसने एक बार अमरेश्वर (अमरनाथ) की यात्रा की। उसने भारत के समस्त तीर्थों की यात्रा की। यहाँ पर यात्रियों को किसी एक अवगुण (यथा झूठ बोलना, मादक वस्तु का ग्रहण करना आदि) का त्याग करने की प्रतिज्ञा करनी होती है।

गुफा के भीतर स्वयंभू हिमलिंग के बारे में स्वामी रामतीर्थजी ने यूँ कहा है :—

बर्फ जिसमें सुस्ती है जड़ता है लाशें,
अमर लिंग ईस्तादह चेतन की जा है।
मिले यार हो वस्ल सब फासला तय,
यही रूप उत्तम अमरनाथ का है॥
वह आये उपासक तय्युन मिटा सब।
रहा राम ही राम में तू मिटा जब॥


गुफा में प्रवेश करने से ही एक असाधारण वातावरण दिखाई देता है और दर्शकों पर एक अलौकिक प्रभाव छा जाता है। मन सांसारिक भोग-विलास से हटकर ईश्वर की अनन्तता में खो जाता है, और "चिदा-नन्द रूपः शिवः केवलोऽहम्' का अनुभव करता है।

श्रीनगर से अमरनाथ जाने तक के प्रमुख स्थानों का फासला इस प्रकार है :—

श्रीनगर से पहलगाम	५७ मील	(बस केवल यहाँ तक जाती है।)
पहलगाम से चन्दनवाड़ी	८ मील	
चन्दनवाड़ी से शिश्रमनाग	७ मील	
शिश्रमनाग से पंचतरनी	८ मील	
पंचतरनी से अमरनाथ गुफा	५ मील	
योग	(८५ मील)	

श्रीनगर से पहलगाम जाते हुए ३९ मील के फासले पर मट्टन अथवा भवन नामक तीर्थ है जहाँ पितरों का श्राद्ध किया जाता है। इस गाँव से दो ढ़ाई मील दूर जगतप्रसिद्ध मार्त्तण्ड मन्दिर के भग्नावशेष हैं।

क्षीर भवानी—क्षीर भवानी (महाराज्ञी) का तीर्थ श्रीनगर से चौदह मील दूर सिन्धु घाटी में स्थित है। क्षीरभवानी जाने के लिए श्रीनगर से दो प्रमुख मार्ग हैं। एक सड़क से दूसरा वितस्ता नदी से। यह तीर्थ प्रकृति देवी की गोद में स्थित अद्भुत आकर्षण का केन्द्र है। यहाँ से तीन चार मील की दूरी पर 'मानस-बल' का सुन्दर झील भी स्थित है। इस घाटी में अनेक रमणीय स्थान हैं जो साधकों के लिए प्रेरणादायक हैं।



क्षीर भवानी-मन्दिर

श्री जे० कृष्णमूर्त्ति ने अपनी पुस्तक "श्री गुरुदेव के चरणों में 'साधन चतुष्टय का वर्णन किया है, जो इस प्रकार हैं—

(१) विवेक, (२) वैराग्य (३) सदाचार (४) प्रेम अर्थात् मुमुक्षत्व यह चार साधन आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधक के लिए अनिवार्य हैं। क्षीर भवानी जाते हुए भी चार स्थान ऐसे आते हैं जो उपर्युक्त साधन चतुष्टय के प्रतीक हैं। श्रीनगर से जाते समय सर्वप्रथम एक तीर्थ 'विचार-नाग' आता है। विचार विवेक का ही पर्याय हो सकता है। इसके अनन्तर 'त्युंगलबाल' (दहकते अंगारों की पहाड़ी) और 'कांवजनार' (दाहभूमि), अमरहेर (अमरता की सीढ़ी) स्थान आते हैं। उपर्युक्त तीनों नाम वैराग्य की भावना उत्पन्न करने वाले हैं। तीसरा स्थान 'आँचार झील' (सं० आचार) आता है। इन तीन स्थानों से होते हुए हम अपनी मनोवांछित वस्तु 'जगदम्बा' (क्षीर भवानी) को प्राप्त करते हैं और प्रेम (मुमुक्षत्व) के भागी बन जाते हैं। ऊपर लिखित मार्ग को प्रायः श्रद्धालु भक्त जन ही अपनाते हैं।

माहात्म्य—'भृंगेश संहिता' के 'राज्ञा प्रादुर्भाव' नामक अध्याय में इस तीर्थ का वर्णन किया गया है। लंका के अधिपति रावण ने अपूर्व शक्ति को प्राप्त करने के लिए महाराज्ञी भगवती की उपासना की। भगवती ने प्रसन्न होकर रावण को वरदान दिया।

शीघ्र ही रावण बड़ा विलासी बन गया और सीताजी को चुराकर भगवान राम के साथ युद्ध के लिए तैयार हुआ। रावण के इस दुर्व्यवहार से रुष्ट होकर देवी ने हनुमानजी को आज्ञा दी कि ३६० नागों सहित मुझे सतीसर (कश्मीर) ले चलो। हनुमानजी ने कश्मीर घाटी के उत्तर में "तुलमुल" ग्राम में देवी की स्थापना की। यहाँ पर देवी का नाम क्षीर भवानी अथवा भगवती राज्ञा पड़ गया। देवी का भोग केवल मिष्टान्न, क्षीर आदि से ही लगने लगा। किंवदंती है कि रावण के पिता पलुस्त्य ऋषि कश्मीर में रहते थे।

राजतरंगिनी में राजा जयापीड़ (८५०-८८ ई०) के समय में 'तुलमुल' ग्राम के ब्राह्मणों द्वारा हुए उपद्रव का उल्लेख हुआ है। उक्त ब्राह्मणों की भूमि छीनी गई। ब्राह्मण राजा से मिलने के लिए दरबार में गये। दरबारियों ने उनको रोका। इस अपमान ने क्षुब्ध होकर ग्यारह ब्राह्मणों ने सिन्धु नाले में कूदकर राजा पर आत्महत्या का पाप चढ़ाने का विचार किया। इससे राजा को अपने किये का पश्चाताप करना पड़ा। किन्तु, फिर एक बार उसने भरी सभा में उपर्युक्त ब्राह्मणों पर व्यंग्य करते हुए कहा—'तुम कौन विश्वामित्र या वशिष्ठ हो, जो मेरा बिगाड़ सकोगे? इस पर इथला नामक ब्राह्मण का ब्रह्म तेज जाग्रत हुआ और उसने राजा को श्राप दिया। ब्राह्मण के श्राप से राजा के ऊपर एक स्वर्ण स्तम्भ गिर पड़ा जिससे राजा की मृत्यु हुई।

कई सौ वर्ष पूर्व कश्मीर में लगातार बाढ़ें आ गयी। तुलमुल ग्राम भी जलमग्न हुआ। जलप्लावन के कारण महाराज्ञी (क्षीर भवानी) के तीर्थ का कहीं पता न चला। फिर कश्मीर के एक योगी ब्राह्मण कृष्ण पंडित (इन पंक्तियों के लेखक के कुल पंडित) को स्वप्न में आदेश हुआ कि महाराज्ञी का पवित्र कुण्ड तुलमुल ग्राम में जलमग्न हो गया है, उसकी खोज करो। कृष्णपंडित को आदेश हुआ कि तुम एक नौका में जाओ और अपार जलराशि में एक सर्प तुम्हारा मार्ग प्रदर्शन करेगा। उक्त पंडित के साथ एक दूध की मटकी चढ़ावे के लिए साथ थी। मटकी के पैंदे में एक छिद्र हो गया और मटकी स्वयं ही वर्तमान कुण्ड के आकार पर से चल कर दूध की रेखा डालती गई। कृष्ण पंडित को आश्चर्य का ठिकाना न रहा, उसने देवी की स्तुति की और इस प्रकार महाराज्ञा के पवित्र कुण्ड का पुनः प्रकटीकरण हुआ। धीरे-धीरे उसके इर्द-गिर्द सेतु बंध गया। निम्नलिखित श्लोक (मूलमंत्र) से देवी की पूजा होती है :—

ओं या द्वादशार्क परिमंडित मूर्तिरेका सिंहासन स्थितिमती
ह्युरगैर्वृता च।
देवीमनक्ष गतिमीश्वरतां प्रपन्नां तां नौमि भर्गवपुषं
परमार्थ राज्ञीम्॥

(शेष सातवें पृष्ठ पर)

पण्डित रतन नाथ दर "सरशार"

[लेखक—श्री व्रजकृष्ण गुर्टू, लखनऊ]

यदि ऐसा कोई महान लेखक हुआ है जिसका जीवन का ध्येय खाना पीना और मौज करना रहा है तो वह स्वर्गीय पंडित रतन नाथ दर 'सरशार' है ।

माता पिता ने उनका नाम रतन नाथ रक्खा । दर उनके कुटुम्ब का परिचायक है और 'सरशार' उनका उपनाम था ।

उनका जन्म कब हुआ यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता । परन्तु इसमें कोई सन्देह नहीं है कि उनका देहान्त १९०३ ई० में हुआ और मरने के समय उनकी आयु ५५ या ५६ वर्ष की थी । अतः यह अनुमान किया जा सकता है कि स्वाधीनता के प्रथम संग्राम १८५७ के लगभग दस वर्ष पूर्व उनका जन्म हुआ था ।

उनके पिता पण्डित बैजनाथ दर का स्वर्गवास उस समय हुआ जब सरशार केवल चार वर्ष के थे । उस समय अवध के नवाब मुहम्मद अली शाह थे और लखनऊ अवध की संस्कृति व कला का केन्द्र था । अवध के नवाब कविता और कला के संरक्षक थे, राज्यभाषा उर्दू थी और अवध की बेगमों की भाषा टकसाली समझी जाती थी ।

बचपन में रतन नाथ मकतब भेजे गये । परन्तु राज्यभाषा मकतब में नहीं वरन् बेगमों से उन्होंने सीखी । अवध के बड़े ऊँचे घरानों के पड़ोस में उनका निवास स्थान था । सुन्दर तेज और तरार होने के नाते और पिता की अल्पावस्था में मृत्यु होने के कारण पड़ोसी उन पर दयालु थे और उन्होंने पड़ोसियों से वह स्नेह पाया जो सुन्दर पितृहीन लड़के को भले मानस पड़ोसियों से मिलता है ।

अवध की बेगमों तक उनकी पहुँच थी और रतन नाथ ने उठना, बैठना और बातचीत करने का सलीका बेगमों से सीखा । उनके हँसमुख पन, तरार पन और सहज स्वभाव ने उनके स्नेह को प्राप्त किया । उन्होंने इन सुविधाओं का पूर्णतया लाभ उठाया । वह सर्वथा उनमें घुलमिल गया । उनकी बोली वह बोले और उनके रंग में रंग गये । उनका रहन-सहन, ढंग तरीका सब मुसलमानी साँचे में ढला और उनका उन्होंने पहनावा अपनाया, यहाँ तक कि तुरकी टोपी देनी भी आरम्भ की ।

यदि बिना कलमा पढ़े कोई मुसलमान हो सकता है तो रतन नाथ की रग-रग में मुसलमानियत भरी थी । वह उनके बीच में रहता था, उसका जीवन उनकी परम्पराओं पर आधारित था और उनकी संस्कृति उसकी घुट्टी में पड़ी थी ।

१८५७ में बड़ी क्रान्ति हुई, वाजिद अली शाह मटियाबुर्ज भेज दिये गये । नवाबी का अन्त हो गया, १३ या १४ वर्ष की अवस्था में उसको अंगरेजी पढ़नी पड़ी, परन्तु उसने बचपन के सम्पर्क नहीं भुलाये, और अवध की संस्कृति में डूबा रहा । अवध की संस्कृति प्रदेशों की मुसलमानी संस्कृति से भिन्न थी और इस सम्पर्क से उसकी भाषा में चार चाँद लगे । जब आगामी जीवन में उसने उर्दू गद्य लिखने के लिए कलम उठाया, यह सम्पर्क उसके काम आया ।

उन दिनों सामाजिक जीवन में कवि और कलाकार का आदर था । रतन नाथ कवि के रूप में पहले प्रकट हुए और उनका उपनाम 'सरशार' था, मुजफ्फर अली 'असीर' उनके गुरु थे जिनके विषय में यह कहा जाता था कि वह महान कवि ही नहीं वरन महान उस्ताद बनाते थे ।

परन्तु रतन नाथ ने कवि के नाते वह ख्याति नहीं प्राप्त की जो उन्हें उर्दू के गद्य लेखक के रूप में प्राप्त हुई ।

उनके पहले भी उर्दू में कहानी लेखक हो चुके थे । वह लोग परियों की कहानियाँ लिखते थे । रतन नाथ युग के पहले लिखने वालों ने परियों के प्रेम की कहानियाँ देवों व जिन्नादों के दिल दहलाने वाले रोमांचकारी किस्से, भूतों के कारनामे लिखे थे । यह परियाँ, यह जिन्नाद यह देव यह भूत स्वप्न लोक के रहनेवाले थे, असलियत से उनका कोई वास्ता नहीं था । उनका व्यवहार कल्पित तथा प्रकृति के विपरीत था । इन कहानियों का वातावरण असलियत से दूर था और इनमें जीवन का असली चित्र नहीं था ।

रतन नाथ ने नयी प्रणाली निकाली । वह उन राहों पर चला जिन पर कोई नहीं चला था । उसने साधारण घटनाओं के विषय में लिखना आरम्भ किया । ऐसी घटनायें जो रोज घटती रहती हैं और जिनको हम हर घड़ी देखते हैं । उसने ऐसे मनुष्यों के चित्र खींचे जो चलते-फिरते, काम करते हमको हर मोड़ पर मिलते रहते हैं, उनकी कहानियाँ इनसान की कहानियाँ थीं जिनमें जीवन की सच्ची झलक थी । उसकी नजर एक कलाकार की नजर थी और उसकी भाषा एक कलाकार का बुरुश था जिसने उसके खींचे इनसानों के चित्रों को हमें सामने चलता-फिरता रंग-रेलियाँ करता और मनुष्यों का सा व्यवहार करता दिखाया ।

उसकी कला की महान कृति 'फसाने आजाद' है । यों देखने में वह एक उखड़ी सी बे-सिर-पैर की कहानी है, परन्तु उसके बचपन के लखनऊ

की चलती फिरती तसवीर है। वह हमको नवाबों के महलों में ले जाता है, बेगमों की मंझी हुई भाषा में उन महलों का चित्र खींचता है। हम अपने को उन बेगमों के सामने समझते हैं। उनका चलना-फिरता, उनकी बातचीत, उनके कपड़ों की सरसराहट, उनकी मधुर मुस्कान हम देखते व सुनते हैं। अब वह हमको मछली मुहाल में ले जाता है जहाँ हम मछली वालों की भाषा मछली के दुर्गन्धमय वायुमंडल में सुनते है। अभी-अभी हम कवियों के समूह में उनकी रचनाओं का आनन्द उठा रहे थे। अभी-अभी उन कवियों के प्रशंसकों के हुल्लड़ से हमारे कान फूट रहे थे। लीजिये वह हमको अफीमचियों के अड्डे में ले आया जहाँ अफीमची व्यर्थ की बहस में अपने को उलझाये हुए हैं। उनकी मद भरी आँखें जैसे स्वप्न-लोक से हमे देख रही हैं, परन्तु उनमें जीवन की ज्योति नहीं है। लीजिये अब बटेरों की पाली में आ गये और हम 'सफ शिकन' को सामने देख रहे हैं जिसने हजारों पालियों में बड़ी बड़ी बटेरों के घमंड को चूर कर दिया। अब हम अपने को मेले में पा रहे हैं। भिन्न-भिन्न समाज के लोगों का उसको बहुत निकट से ज्ञान था। उनकी चाल-ढाल, उनके व्यवहार से वह परिचित था और वह उनका ऐसी सुन्दर भाषा में चित्र खींचता, जिससे उनका रंग कभी फीका नहीं पड़ सकता और वह सदा ही हमको आनन्द-विभोर करती रहेंगी। 'फसाने आजाद' ने आधुनिक नावल व कहानियों की नींव रक्खी। उसने पाठकों को बताया कि घटनाएँ चित्र को आकर्षित नहीं करतीं परन्तु उन घटनाओं का वर्णन मन को मोह लेता है। उसने सिखाया कि एक साधारण घटना परियों व भूतों के स्वप्न लोक से अधिक रोचक हो सकती है।

सन् १८७६ ईसवी में लखनऊ से अवध पंच नामक एक हास्य रस का साप्ताहिक निकला। उसके सम्पादक हास्य रस के बादशाह मुनशी सज्जाद हुसैन थे। उन्होंने खोजकर हास्य रस के रत्नों को जमा किया। अकबर "इलाहाबादी", अहमद अली "कसभांडवी", पंडित त्रिभुवन नाथ "हिज्र", मिरज़ा मच्छूबेग और रतन नाथ सरशार को "अवध पंच" ने अपनी ओर खींचा। यह सब "अवध पंच" के आकाश पर सप्तर्षि के प्रकार चमके।

कुछ दिन बाद रतननाथ मुनशी निवलकिशोर के "अवध अखबार" के सम्पादक हो गये और इस काल में उन्होंने फसाने आजाद लिखना शुरू किया। यह उनकी उर्दू भाषा को महान देन है।

रतननाथ अब अधिक मदिरा सेवन करने लगे थे। उनके जीवन का ध्येय "खावो, पियो, मौज करो" हो गया था और वह अपनी महान कृति एक मदिरा की बोतल पर न्योछावर करने लगे थे। कहा जाता है कि पत्र का सम्पादक अपनी मेज पर नहीं मिलता था। उनके सहायक उनको खोजते फिरते थे और एक मदिरा की बोतल की लालच उनसे शाम को निकलनेवाले पत्र में छपने के लिए "फसाने आजाद" का एक परिच्छेद लिखवाती थी। जहाँ कहीं वह होते थे, वहीं का चित्र खींच देते थे। उनका चित्र इतना रोचक, इतना रंगीन होता था कि शाम को वह परिच्छेद लखनऊ की अनेक मंडलियों में बड़े चाव से पढ़ा और सुना जाता था। उन दिनों सिनेमा नहीं थे, कहवे खाने नहीं थे पर बैठकें थीं जहाँ यह रतन नाथ के खेंचे चलते फिरते लोगों के चित्र बिना सिनेमा का टिकट लिए और बिना मनोरंजन टैक्स दिए लोग उस ही चाव से सुनते थे जैसे आजकल लोग चित्र पर बैजयन्तीमाला या बीना राय की कला पर रीझते हैं। वह अपनी कला का मूल्य समझता था, पर बोतल की लालच उसको कौड़ियों में बेचता था।

मदिरा पीकर उसने जीवन के अनेक पहलुओं का रंगीन चित्र खींचा। उसकी कृति वाजिद अलीशाह के अवध निकाले के बाद की समाजिक जीवन की चित्रावली है जो कभी धुँधली नहीं पड़ेगी और आनेवाली पीढ़ियों को इतिहास से कहीं सुन्दर और वास्तविक रूप दिखाती रहेगी।

कदाचित् उनके जीवन की एक दो रोचक घटनायें यहाँ देना अनुचित न होगा। इन घटनाओं से उनकी खाने-पीने की कमजोरी और उनकी हास्य निपुणता का परिचय मिलेगा।

उनके कुछ मित्रों ने उनसे एक दावत का वचन लिया। उनके पास न कुछ सामान था न रुपया। मदिरा पर उनका अन्तिम पैसा खर्च हो चुका था। दावत का दिन नियत हो गया। प्रश्न कठिन था, दावत के एक दिन पहले वह बारी बारी सब निमन्त्रित मित्रों के घर गये। दावत के समय और दिन की याद दिलायी। आने का वचन लिया। उठते उठते कहा कि भाई तकलीफ न हो तो भाभी से अमुक चीज बनवाते लाना। भाई भाभी के हाथ में क्या रस है? पिछलीबार जब अमुक चीज खायी थी, हाथ चाटकर रह गये और सब प्रबन्ध कर लिया है। भाभी की प्रशंसा सुन भाई फूल गये। हाँ, हाँ, जरूर लाऊँगा। इस प्रकार दस मित्रों से दस चीजें मंगा लीं। सब अड्डा लिये समय पर पहुँचे। अच्छी दावत हो गई। केवल पानी का प्रबन्ध रतननाथ जी ने किया।

मिरजा हैदरअली बेग, वकील रतननाथ के परम मित्र थे। उन्होंने मुझे बताया कि एक बार लखनऊ में चौक बाजार में जा रहे थे। कोठे पर से उनकी परिचित नर्तकी मुवक्किला ने तसलीम अर्ज की। रतननाथ ने ऊपर चलने की ज़िद की। जब मिरज़ा साहब ऊपर पहुँचे रतन नाथ ज़ीने पर से गायब हो गये। मिरज़ा साहब चक्कर में थे कि रतन नाथ किधर गये। परन्तु वह पहुँच चुके थे। शिष्टाचार के नाते नर्तकी से बातचीत करनी पड़ी, थोड़ी देर बाद सरशार भी पहुँचे। मिरज़ा साहब ने पूछा कहाँ गायब हो गये थे। सरशार ने हँस कर उत्तर दिया। बावर्चीखाने की सुगन्ध मुझे खींच ले गयी और खानम अति उदार थी।

उनकी इन आदतों ने उनके स्वास्थ्य को बिगाड़ दिया और उनको दरिद्री बना दिया। वह घोर मुसीबत में थे कि हैदराबाद दक्षिण के महाराज किशन प्रसाद ने उनकी शोचनीय दशा का हाल जाना और उस

कला के संरक्षक ने उनको वहाँ बुला भेजा। मदिरा सेवन ने उनका स्वाध्य नष्ट कर दिया, धनहीन बना दिया, परन्तु उनकी वाक् पटुता को न हर सकी। अन्त समय तक वाक् पटुता ने उनका साथ दिया और यदि कोई मनुष्य वाक् पटुता के सहारे जीवन पर्यन्त खाता पीता रहा तो वह रतन नाथ सरशार था।

प्रश्न यह है कि क्या रतन नाथ की कृति अमर है ? जब तक कला के प्रेमी समाज में रहेंगे सम्भावना यही है कि वह अमर रहेगी। वह समाज जिसका उसने चित्र खींचा, जीवन संग्राम में वह छिन्न-भिन्न हो गया। बँटवारे के बाद लखनऊ की रही सही संस्कृति भी मिट रही है। लखनऊ भाषा में वह माधुर्य नहीं रहा, पंजाबी व सिन्धी भाषा के बोलने वालों ने उसका लहजा बदल दिया। समय दूर नहीं है कि जब लखनऊ निवासी अपनी भाषा को परदेसी भाषा समझने लगें। यह सब होते हुए भी मुझे विश्वास है कि वह समाज रहे या न रहे, समाज का चित्र तो रहेगा ही। मुनशी प्रेमचन्द्र ने फसाने आज़ाद का रूपान्तर कर उसे आज़ाद कथा बना उसको नया जीवन प्रदान किया।

वह समाज नहीं रहा, वह भाषा बिगड़ गई, परन्तु आज भी लखनऊ की बाजारों में लखनऊ की कोमल ककड़ियाँ मजनू की उँगलियों व लैला की पसलियों के नाम से बिकती हैं, आज भी इतर में बसी पौंडे की गंडेरियों की पुकार रतननाथ की याद जिन्दा रक्खे हैं। आज भी अमरूद वाले उसमें सेबों का मज़ा बताकर बेचते हैं।

जब तक बाज़ारों में यह चीजें इन नारों से ग्राहक को अपनी ओर आकर्षित करती रहेंगी रतन नाथ हर मोड़ पर लखनऊ में हमारे सामने पड़ता रहेगा।

अमरनाथ और क्षीरभवानी......

(पृष्ठ ४ का शेषांश)

उक्त श्लोक लिखित रूप में पं० कृष्णपंडित की गोद में आकाश से उस समय गिरा था जब वे कुण्ड के निकट पहुँचे थे।

इस अट्ठाईस शब्द वाले मंत्र के प्रत्येक वर्ण से आरम्भ करके कृष्ण पंडित ने देवी के दिव्य-स्वरूप की स्तुति की, जो राज्ञा स्तोत्र के नाम से प्रसिद्ध है। देवी के रहस्यमय कुण्ड की आकृति शारदा लिपि में लिखित ॐकार की भाँति है। इसके बीच में महाराज्ञी का एक छोटा संगमरमर का मन्दिर है जो धर्मप्रिय डोगरा प्रशासकों के सत्प्रयत्नों से निर्मित हुआ। कुण्ड के जल का रंग प्रायः बदलता रहता है, जो इसकी रहस्यमयता का प्रतीक है। प्रायः गुलाबी, हरा, दुधिया आदि रंग दिखाई देते हैं। किसी प्रकार का काला रंग अपशकुन माना जाता है। पाकिस्तानी आक्रमण से पूर्व इस कुण्ड का वर्ण कुछ-कुछ कालिमामय देखा गया था।

कुण्ड के बीच में से कभी-कभी बुलबुले उठते हुए दिखाई देते है। इनकी लहरों से देवी का चक्र बनते हुए देखा गया है। इस मन्दिर के भीतर मांस खाकर आना निषिद्ध है। इर्द-गिर्द के नालों में मछलियाँ पकड़ना भी वर्जित है। इस तीर्थ पर मांस का प्रयोग करनेवाला अवश्य कोई न कोई दण्ड भोगता है। 'डोंगों' में यात्रियों को लाने वाले मुसलमान माँझी भी यहाँ मांस का प्रयोग नहीं करते हैं।

ज्येष्ठ शुक्लपक्ष की अष्टमी को यहाँ वार्षिक मेला लगता है। उस दिन शाम को सभी नरनारी पवित्र कुण्ड के चारों ओर घने चिनारों की छाया में 'रत्नदीप' लेकर सामूहिक आरती करते है, जिसका अलौकिक दृश्य दर्शनीय होना है। तुलमुल ग्राम के निकट उत्पन्न होनेवाला 'व्यन' फूल विशेष रूप से पूजा में प्रयुक्त होता है। इस फूल की अपूर्व सुगन्ध से विशेष प्रकार के आनन्द का अनुभव होता है।

१८९८ ई० में स्वामी विवेकानन्दजी ने कश्मीर भूमि की यात्रा की। क्षीर भवानी में कई दिन उन्होंने एकान्तवास किया। अपने शिष्यवर्ग को श्रीनगर में ही ठहरने का आदेश दिया। यहाँ पर रहकर उन्होंने कई मन 'क्षीर' (दूध) कुण्ड में चढ़ावे के रूप में अर्पित किया। उन्होंने अपनी रचनाओं में इस पवित्रतम स्थान की अपार प्रशंसा की है। उनको यहाँ पर रहकर प्रायः भाव समाधि हुआ करती थी।

उपर्युक्त दो प्रमुख तीर्थों के अतिरिक्त काश्मीर मंडल में और भी कई महत्वपूर्ण तीर्थ यथा मट्टन, हारी पर्वत, ज्वाला देवी, बाला देवी, हरेश्वर गंगाबल, महादेव, शारदा (अब पाकिस्तान के अधिकार में), कपालमोचन, विष्णुपाद, भद्रकाली, ध्यानेश्वर आदि हैं, जिनका वर्णन एक अलग पुस्तक में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जम्मू कश्मीर मार्ग पर जम्मू प्रान्त में कटरा कस्बे के पास "वैष्णो देवी" का प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है। इसकी यात्रा के लिए भी समस्त भारतवर्ष से लोग अमरनाथ की भाँति दर्शनार्थ आते हैं।

एकांकी

जेठ आठम (ज्येष्ठ अष्टमी)

प्रेमनाथ कौल, कलकत्ता

("जेठ आठम" कश्मीरी में ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी को कहते हैं। इस दिन तुलामुला स्थित राज्ञा देवी के मन्दिर में वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। हजारों की संख्या में यात्री दूर-दूर से देवी के दर्शन के लिये आते हैं। वैसे तो प्रत्येक शुक्ल अष्टमी को यहाँ पर्व लगता है किन्तु ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी का वार्षिकोत्सव सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। प्रस्तुत एकांकी नाटक में, जो कश्मीरी भाषा में है, श्री कौल ने इस पवित्र दिवस को शीर्षक चुनते हुए हमारे रीति-रिवाजों तथा सामाजिक बन्धनों पर प्रकाश डाला है। कहाँ हम इन सामाजिक रस्मों से स्वतन्त्र रह पाते हैं। भगवान के दरबार में भी यही पहलू अधिक महत्व रखता है,इन रस्मों को पूरा करना ही पड़ता है चाहे जो भी अवस्था हो।)

—सम्पादक

टाठि साब	मोल (पिता)	किशनी	नोश् (बहु)
काकन्य	माज (माँ)	निक्	लोकुट न्यचुव (कनिष्ठपुत्र)
नाथसाव	ज्युठ न्यचुव (ज्येष्ठ पुत्र)		

(इ आस सतभ। लूख आस सखरान तुलमुल वसन् खातर। निक् आव दोरोन दोरोन मालिस् निशि)

निक्—हे टाठिसाब। असति हसा गछहाव तुलमुल।

टाठिसाब—दरबदर छुक गोमुत। गछ अपारि कड़ किताब।

(निकन् बुछ टाठिसाबस निश् अन्दयोव न कँह त् गव माजि निशि)

निक्—हये काकनी असति है गछहाव् तुलमुल।

काकन्य—गछू ब कथ रटथस। गछ माँलिस वन्।

निक्—सु छुम दपान किताब कड।

काकन्य—अदबा पख ब वनस। (टाठिसाबस निश् गछित्) इ वनान छु तुलमुल गछ़व। क्या वोनवस।

टाठिसाब—भूजुम।

काकन्य—अद क्या छिव वनान। इ नोश ति आस वनान कि तमसन्द ब्यनि हुंद ति गछन। इमन शुरेन ति कति नेरि तमना। मोल माँज़ नै नियख् त कस सात गछन।

टाठिसाब—अहनी च्य छुइ न किकरी कँह तरान। कालक्यथ छुइ न्यचविस वोहरवोद। कँह नय त रोपय हथा गछी आसुन। सु कति नेरि

काकन्य—वोन्य कोताह लगि असि। बत छि ख्यववनी ततीनस जन ख्यव। वोनिगव सवारि सोंब गछि पाँस आसुन।

टाठिसाब—तोहि जनानन आसिहेव कँह फिकरि तरान। त्यलि क्याह ओस।

काकन्य—तोहि छिव प्रथसात् ई वनान। मे क्या ब छसव् पनुन वनान। इ नोशिहेन क्रेशनावोन्। निकस-ति छ कल द्रामच।

(टठिसावन दियुत कलस अथा त काकन्य गय चोकस कुन)

किशनी—क्या बी काकन्य।

काकन्य—निकन वन्योव मालिस तुलमुल गछव। अद् च्य छय इमन मरदन हन्ज खबरंई। (हेरि गव नाथ साबनि खसनुक बूट सदाह त किशनी द्राय चोक् मंज्) किशनैय च कोतई गछक।

किशनी—इम खार् बान् बोन् छलिथ। (मन्ज़ हेरि समख्योस नाथ साब)

नाथसाब—तोहि कोत छु गछुन।

किशनी—(हेरि बोन् नजरा दिथ) निकन वन्योव टाठिसाबस तुलमुल गछन् खातर्। सु छुस न मानानई। तोह् छिवना वुछान म्यनि टाठि हन्द ति गछन। जिगरि हन्द् गछन डूँग् करिथ।

नाथसाब—तोहिति छा शोक गछनुक।

किशनी—ब छसव न् ति वनान। इन् इथय पाठ् हेरि वन्यूख। तोहि छुव म्योन मरुन।

नाथसाब—अछा तरुम फिकरि। गछिव छलिव बान्। (त खोत कानी प्येठ। टाठिसाब वुछुन दोन् त चोन् मन्ज ह्यू) क्यासा टाठि-साब वारय छिव।

टाठिसाब—अहान्सा वारय।

नाथसाब—न सा तोहि छिव फिकरि मन्ज ह्यू रचरई छा।

टाठिसाब—किहीं न सा। गछिव कडिव पल्लव।
(इ वूजिथ द्राय काकन्य चोक् मन्ज। अथतच आस्स् अथसय क्यथ त वछ नाथसाबस कुन)

काकन्य—ब हा वनय इ क्या छि दलील। इ हवा गछन तोलसी देदि हन्द-त्-राजरयनि हन्द पगाह् तुलमुल। अद ई आसि निकन बूजमुत त सुइ छुस पत् लोगमुत। हा गछ्व कड् पल्लव। अमिस छा चानिस मालिस जोर बनान करुन। इ फाटनाविहे असि येथ मकानस मन्ज।

नाथसाब—(वूटस फीत् मचरान-न-सा टाठिसाब तोह् क्या छिवक वनान। वोन्य लगय्ख क्या बतहन तुलन सात। लारी खरचा जन लोगुख प्येठ्।

टाठिसाव—अहानू च्य मा छय खबर न्यबर नेरुन क्याह गौ। केंह नै केंह रोपइ पंचाहमर् गछन खरच। यपार छुक वनान म्य छुव वोहरवादिस प्यठ दफतरक्यन वनुन। अदबा वन्त् यूत खरच नेरि कति। इ मा छु जनानन फिकरि तरान। इमन गछि फेरना आसुन।

नाथसाब—अहानसा वूह रोपइ छव तोहि म्यति छव पांछ। बेयि अगर वूह पन्चह पर् प्यनस तिमह्यमव अथ प्यठ्कांसि।

टाठिसाब—अदसा तोहि छव सारिनई कल द्रामच त पकिव।

काकन्य—वोला लज सया बलाई। बोछ हा आसी लजमच (किशनी खच आटि बान् ह्यथ) तलय किशनय अथ समावारस छन् त त्यन्गुल।

नाथसाब—म्य नै गछि न चाय-वुनि। ब इमय गोड् ओरय फीरिथ। ब वुछय हृदय नाथस मा आसन केंह रोपयि।

काकन्य—अदवा इ त्यलि तोरय फीरिथ। तोताम गछी चाय तयार। (किशनी कुन) ब है ह्यमय अमिस सोदा खातर पाँस्। च प्येव त तान्य बड़िस दानस। (काकन्य गय टाठि साबस निश) दीइव त्यलि सोदाहस कित पाँस। खबर पत् मा मोकलि तारकस चामन।

टाठिसाब—रटिव इम छव-दह रोपयि।

काकन्य—इमन क्याह इयम। गोडनिकि फिरि छुम नोश ह्यथ नेबर नेरुन।

टाठिसाब—इम् रटिव ब्ययि पाँछ।

नाथसाब—(नाथसाब आव फीरिथ) किहे करवय् तयारी।

काकन्य—किहो बन्योया केंह ?

नाथसाव—अहानी अन्यम।

काकन्य—म्यहा आसय फिकिर। वोला बोछि हा आसी लजमच। किशनी किहे गययै चाय तयार। नाथसाबा कोतहो दितुनय।

नाथसाव—पंचाह है ह्यचमस। छा काफी।

काकन्य—हा यूत कथू गछि। मालिस ति छय वूह पंचह। अदबा वोनि गछ त् बाजर। तपारीवन्त् ब्यनि-ति पगाहकि खातर। हयै किशनै किहे चामनि सेरा पोषखय। नाय खबर अमिस मा आसनम जाम् हन्द शुर् ति सात। गछबा ज सेर अन। ब्ययि अन्त् ओलव त वान्गन तपारी। हाक ह्यमौ येत् सुबह-नस जूनि। अथ्यो। हशि हा वनिज्यस द्रकाकन्यन हुन्द। ब्ययि अगर जाम् आसय्स तति तमिसति वनिज्यस शुरि ह्यथ। नाथसाब द्राव सोदा अननि) तलय किशन अमिस वन पोन्डिन कुलचि ति अन्जि तपारी (दोरोन दोरान गई त हेरि प्यठ वोननस)

किशनी—हिश···श···हिश···श···दपान छव कुलचि ति अन्जि अपारी पोंड़िन।

नाथसाब—अच्छा बूजुम। तोहि क्युत मा गछि केंह आसुन।

× × × ×

(राच हुन्ज बजेय बाह। काकनि आस बत ख्यत नोर शान्द दिथ अछ प्यठ अछ लजिमच। क्रछि ठस सांति गई अड निन्द्रि। अति वुछिन किशनी दानसई तल।)

काकन्य—किहे बबा मोक लेयखय। चे ख्योथ नाय वुनी किहीं। मोकलावी जल जल। इम है शिठेई बत् फ़ल्। अदबी दीयनय माज राज्ञां अमि सबूरुक फल। ब्रारिस है करिज ह्यस। ब वछसय। मे क्या बी छुइ शानन दोद। सुबहनस है बोथजि टाठी सुली पहान्।

(संगरमाल् फोजि। आठम लूज। चन्द्रण हन्दि चिखि चिखि साति खुलेयख अछि। सारी सखरेय त सति बजि वात् हबकदलकिस बस अड़स प्यठ। अति वुछिक ब्यन्जी आमच्। तस सात तमसन्ज् द्रकाकनि जोराह शुर पांश् हय्थ। जाम त जाम हुन्ज बड़ कूरा त लोकुट नेचवाह। टाठिसाबन ह्यच अन्दरी च्यफा त त्रोवुन वोशाह। मगर वनिहे कस। काकन्य आस गोडनिचि फिरि नोश हय्थ न्यबर द्रामच)।

काकन्य—किहे वारय छिवय्। अद् बी ड्युकुन तीज आसनव्। वोलिवी खसवी जल जल। पत नै रोजिवन् बिहिन जाय।

नाथसाव—नाय काकन्य तोहि खतिव् सारी। अमिस हैं छि वुनि पांस ति चुकावनय। (बसिवालिसकुन) कोताह् सा कोरुथ सवारि। बसिवोल। बाह आन् महारा लोकटिस बडिस।

टाठिसाब—कुस सा मजहर आव। लोकटिसति गया पूर् सवारि।

बसिवोल—हे वस सा पथर। बचस ह् सा लगी पूर सवारि।

काकन्य—तोहि छुव इहोय आदत। इ रेट आसि त ती हेइ। दिसू नाथा पांस्।

नाथसाब—हतसा इम गयय सान्यन शुराहन सवाह्न हन्ज वाह रोपयि। (मालिस कुन) हत सा टाठिसाब इम थवि तव तोहि त्रुवाह रोपई अति।

× ×

(बस वाच तुलमुल। काकन्य द्राय पूति ख्योल ह्यथ माजि दीवी कुन। पादन तल पेयस परण। स्यानि माज। नाद ब्युत्थम-त-आइसय। चानी छम आश त् चइ रूजिज्यम डरवस। इमन् छ्यटफल्यन दिज्यम् आय त नाथ साबस थदनपाय। अमिस दुशमन खोरनतल त सारिनई प्यठ कनि जाय्। ब छसय न जानवनि केंहे। रख्याय प्यठ रूजिज़्यम्।

काकन्य—गछिवी इयवी श्रान करिथ। पत हैं करव पूजा (नाथ साबस कुन) गछू चतियू श्रान करिथ। तपारीहा अंजि रतनदीप त नवीद।

नाथसाव (श्राण करिथ आव) हतै काकन्य। इहै छुय नवीद। वुछी क्याह दितुख पांचन रोपयन। यति हे सारस्य चनि गामच।

काकन्य—है क्याह बन्योम। इछा पांचन रोपयन। आखा वोबाह। अदबा त्यलि थवव अमीमंज अड हन आरथी क्युत। वलवी चारिवी व्यनपोश।

किशनी—(पूजा करिथ आयि सारी। समावारस छुनुन त्यन्गुल गइ काकनि कनस तल) चाय क्युत अननाविव-ना-केंह।

काकन्य—नाथसावा। मालिस ह्यो पांस। लूच् त व्ययि वुछत् नूनदार केंह।

टाठिसाब—हतसा इम रठ पांछ रोपय्।

नाथसाब—(रोपय रटिथ करन् अख नजरा ख्यलिस कुन त दोयम नजरा माजि कुन) टाठिसाब ब्ययिदियिव स केंह।

टाठिसाव—हत्तसा ब्ययि पांछ।

नायसाब—(हलवाइसकुन) हे-त्रे-सेर लूचि त् ज सेर नदरमोन्जि थवसा। हतसा इम गयय रोपय दह।

हलवोय—यथ दिइव महारा चोर रोपइ ब्ययि। नाथ साबस प्ययि इम चन्दचय दिनि। त आव सोदा ह्यथ)

× ×

(चाय च्यथ द्राइ काकन्य प्रदिख्यन दिनि त अति समखेयस ब्यनि हन्ज कूर त जामतुर)

जामतुर—नमस्कार। क्या महारा वारय छिव्।

काकन्य—वार् थाव नव् दीवी। किहे बबा वारय छखय। वोलय इहै छै किशनी त ब्यनि ति आमच। (आय सारी काकनि हन्दिस डेरस प्यठ)

काकन्य—नाथसावा तला यूर यि। हता बेमस क्युत अनत मिठायि विठायि। दोध बन्या यति ? अपारी वुछत अगर बनी दोध अड सेरा। (नाथजी द्राव बाजर) बोजू। यपार हा। हता अमसि मा गछ्यम आसुन केंह हशि क्युत। किहो लूचि सेर जोरा त तोलमुत कर् अडसेरा छुस काफी। मालिस ना वन्जि न। ब क्या बा आसस् न अमी तपालि कुन नेरान।

नाथसाब—मेति है छि कमइ रोपयि। अच्छा वुछव नेरय्स। (नाथ साबस आस रोजमच रोपइ वुह जतोवुह तथति वोछ सथ रोपयि) (जामतुर द्राव) सारिवय ख्योख बत्ता वत्ता। किशनी थवि बान् ति छलिथ।

काकन्य—गछिवी फीरिवी तान्य। गछू नाथसाबा वुछू तमाशा। किशनी गछी दी प्रदिख्यन गछिव ब छसौ तान्य यती बीहित।
(सारी द्राय प्रदिख्यन दिनि त नाथसाबन त किशनी कोड थक डेडि अपारि)

× ×

किशनी—हे वोलसा कदलस तान्य हसा गछौ। हे इ क्या सा। वुछसा येमिस क्युथ प्रस जान।

नाथसाब—च्य छय ना खबर यति गछ्या केंह सोदा ह्यन। पोंडियुन चीज छु चोनिय प्येवान। तोहि छुवना समझस मंज तरान कोताह खरच गौ।

किशनी—अज द्रायेयस ब गोडनिचि लटि तोहि सात त गौ स्यठाह खरच। स्यानि विजि कर छुव तोहि आसान। पकिव् वोलिव् प्रदिख्यन दिमव। (नाथसाब प्येव सोंचस कि क्याह कर) तोहि क्याजि गयव गोतन। तोहि सात गछि ना कथ ति करनि। म्य दप्योमव् वुछव। लालसाबन द्रिय म्य छा इमन चीजन हुन्द शोक। तोहि छिव अथति नाराज गछान।

नाथसाव—दीवी निश है छक आमच। मंग तस केंछाह ब्रोंठुस तानि। क्या छुइ करुन चीजन।

× ×

(दोहस कोरूख सारवय फेरुना। शामनस करख आरथी। बत्हना ख्यत गई भजन मंडलियन मन्ज। अडि रूद रातस हुशराई। अड्यव त्रांव निन्दर। युताम सुबहनस नवम हुन्द गाश फोल काकन्य आस श्रान करिथ इवान त अति समख्येयस इन्द्रावती रतनदीप त नवीद अथस क्यथ ह्यथ)

इन्द्रावती —क्या बी तोहिति ओस् दीवी हुन्द नाद ।

काकन्य—क्या बी वारय छिव् । ब्ययि कुस छुव् । इम छा शुरि वारय ।

इन्द्रावती —अहान बी सारी छि वारय च्यानि धरम् । नाथसाव त किशनी छा वारय ।

काकन्य—अहांवी च्य ड्यकुन तीज । च्य पोथुर लसन जगतस त प्रजाइ सान । तिंहिन्दि धरम् लसितन म्यति ।

इन्द्रावती—क्यावी अमिस शूबावती हन्जि नोशिमा छु केंह ।

काकन्य—हतवी चानी बलाय लग् अगर मे केंह खबर छय् । है ड्यकव-जिन्यन ड्यक मूजूद त पुत्रवाजिन्यन पुथरन हन्ज आशा मुजूद तोहि करबी बागनीरिव ।

इन्द्रावती —ऐक्यावी पूजा करिथ । मांज दीवी दिइनै रत्फल अदबी वडिव । म्य हवी आसन पूजाय प्रारान ।

× ×

तोव पत वाच काकन्य डेरस प्यठ । सारिव्य कोरुख श्राना त गइ सारी पूजा करनि । सारिवय आलवुख रतन्दीप त टाठिसाबन त काकनि बोव माजि दीवी हन्द्यन पादन दोध । नवीद ख्योख त आई डेरस प्येठ ।

काकन्य —किशनय इमन शुरय्न है लजि बोछि । तलै चाय लागत् । नाथसाबा च अन्त चाय क्युत बाजर केंह । कथा हा वनय यूरयू (छस कनस तल वनान) अमिस बटिन हन्जि हशि क्युत तिहवा प्येई केंह अनुन । इमा गई बुथ अथस क्यथ ह्यथ । केंह नै त लुचि सेर जोरा गछनस आसनी । ब्ययि वुछत् बेमस क्युत वरफी सेर खन्ड । वुन्क्येनस क्युत अन्त् लुचि-सेर जोराह ब्ययि वुछत दाला मा आस्यस । वनि कडोस अथ्य प्यठे । (टाठिसाबस निश गछित) येमिस दीय तौ रूपइ । इ अनि हे चाय क्युत केंह ब्ययि गछि जिगरि हनिज हश क्युत ति केंह आसुन ।

टाठिसाब—(चन्दस छुनुन अथा त बटव् मन्ज् कज्यन रोपइ) इम रटिव इम आसनव राथ—नाथ-साबन म्य अथि थविमच् ।

काकन्य—हयो नाथसाबा । गछू यू जल जल फीरिथ । तोतान्य ह्यमव वार वार सामान गन्डून ।

नाथसाव—(अूर् न यूर ह्युव । हतै काकनि । इ छुय वुन्क्यनस क्युत । त इ थव त अत् । (गव त ब्यूठ लोब कुन । चाय च्यथ आस न करार) काकनी तलय यूर ई ।

काकन्य —(आयस ब्रोंह कुन) किहोजि ।

नाथसाब—किहें च्य छये रोपइ केंह । सवारि सोंब है छु कमई । रोपई पांश प्यन पर् । चे छुये केंह ।

काकन्य—ना च्य मोकल्योयि सोरुई ।

नाथसाब—नाय कम गव खरच । हिसाब बोजत् ।

काकन्य—हा लज सया बलाई म्य छना खबर छु क्याह नेरान । चान्यय लछ द्रई अगर केंह छुम । म्य हा आस रोपई तथ अननोवुम राथ मुदरेर त ब्यइ कुलचि । म्य दोप शुर छि साति इम छि बोछि विजि वदर वालान । अद च क्याजि छुक किकिर करान । ब ह्य्मैं तानि ब्यनि । ना-ख्यमोस् । शमनस घर वातिथ दिमस वापस । वोनि बन्हाय मालिस त तमिस खसी शरारत । (काकन्य गइ याशमारान त कूर नियन अन्द कुन ह्यचनस रोपई त गई दिचन न्यचविस । पानसय साति छि कथ करान । इ बट कोम थय्या जांह । इ गव-न-तीर्थस गछुन इ गौ मछि माज ख्योन । नस्तिरख् करम दुबार इथ पाठ् न्यबर नेरुन ।

कृष्ण आओ

स्वर्गीय त्रिभुवननाथ साहिब भान (फर्याद) एम० ए०, बी० टी०, अकबरावादी

चाँदनी रात में यमुना के किनारे मोहन
बाँसुरी लेके चले आओ हमारे मोहन ।
किसलिये अपनों से पर्दा है मोहन,
क्या नहीं जानते तुम हम हैं तुम्हारे मोहन ।
इस तरह आके मिलो नाम तुम्हारा हो जाय,
हमको दर्शन मिले और काम हमारा हो जाय ।।१।।

सिर पर ही मोर मुकुट कानों में कुण्डल डाले
बाल शानों पर लटकते हुए घोंघरवाले
मुस्कराहट हो लभों पर मेरे भोले भाले,
इस नये रूप से आजा मेरे गोकुल वाले ।
वक्त कुछ ऐसा पड़ा है कि बचा लो मोहन
डूबती नाव भँवर में है निकालो मोहन ।।२।।

लुत्फ दूना हो और साथ में राधा हो जाय,
फिर तो यह समझो कि सोने पर सुहागा हो जाय ।
यों तो खलकत के लिये एक तमाशा हो जाय,
फिर मुझे स्वर्ग यह यमुना का किनारा हो जाय ।
बाँसुरी खूब सुनूँ रास तुम्हारा देखूँ,
तुमको देखूँ कभी यमुना का किनारा देखूँ ।।३।।

सूनी मथुरा को मेरे कृष्ण बसाओ आकर,
रो रही है जरा यमुना को हंसाओ आकर ।
तानें मुरली की जरा फिर से बजाओ आकर,
गुँगरों की दहन झंकार सुनाओ आकर ।
आजा आजा मेरे अरमानों की दुनिया आजा,
खेलते खेलते आओ कृष्ण कन्हैया आजा ।।४।।

सब खुशी में यह कहें आये कन्हैया आये,
बाद मुद्दत के वही बाँसुरी बजैया आये ।
गोपियाँ चीख उठीं—धाओ के भैया आये,
आय् री आय् री माखन के चोरैया आये ।
मटकियाँ दूध की ले ले के बुलायें तुझको,
सिर पर आँखों पर कलेजा पर बिठायें तुझको ।।५।।

आरती घी के चरागों की उतारें तेरी,
लेने लग जायें बड़े छोटे बुलायें तेरी ।
सबको मरगोब हों हर एक अदायें तेरी,
अर्ष पर देवता जैकार मनायें तेरी ।
ध्यान दुनिया का रहे और न उक्बा का रहे,
बस फकत एक तेरी सूरते जेबा का रहे ।।६।।

किस मुसीबत में पड़ा हूँ यह खबर है कि नहीं,
हालते जार पर कुछ मेरी नजर है कि नहीं ।
शामेगम की मेरे ए श्याम सहर है कि नहीं,
कुछ मुहब्बत की नजर बोल इधर है कि नहीं ।
हम तेरा नाम सदा कृष्ण जपा करते हैं,
सुनते हैं आप कि भक्तों पर दया करते हैं ।।७।।

कमला

नीभा रानी कौल, कलकत्ता

आज कमला का हृदय प्रफुल्लित था। इन तीन वर्षों में उसने जो पूजा अराधना की थी उसके सफल होने का दिन आज ही था। वह आज असीम आनन्द का अनुभव न करती, तो फिर कब। नाना भांति के विचार सागर के लहरों की भाँति उसके हृदय में उथल-पुथल मचा रहे थे। परन्तु ऊपर से वही शान्त और सौम्यमूर्ति। हाँ आज उसके चेहरे का रंग कुछ अधिक ही आरक्त हो उठा था। उसके कमल पत्त जैसे नेत्रों की पलकें आज झुकी हुई थीं मानो निद्रा मग्न हों। सिर झुकाये वह घर के कामों में व्यस्त थी।

आज प्रातःकाल छः बजे से ही उसने समावार (एक प्रकार का चाय बनाने का बर्तन) को धोकर चाय बनानी प्रारम्भ की थी। इस समय दिन के दो बजे होंगे। परन्तु उसको चाय बनाने से अवकाश न मिला। भला मिलता भी कैसे। प्रातःकाल से ही सगे-सम्बन्धियों का आना आरम्भ हुआ था। उन्हें भी आज अपने घरों में मन न लगता था। भला लगता भी कैसे जबकि उनका लाल आज तीन वर्षों के पश्चात् यूरोप से आने वाला था। इतने में ही बारह वर्ष का राजेश दौड़ता हाँफता हुआ भीतर आया; और बोला 'कमल मामा ताँगे से उतर रहे हैं।' यह सुनते ही घर में हलचल मच गई। सभी बाहर निकलने को आतुर, जैसे नदी में बाढ़ आने पर पानी किनारों की परवाह न कर सभी ओर बहता है। इसी प्रकार बच्चों ने खिड़कियों से कूद कर गली की ओर प्रस्थान किया। बड़े तो द्वार से ही आपस में एक दूसरे को धकेल कर सर्व प्रथम निकलने की चेष्टा करते। परन्तु द्वार ने ऐसे समय भी उदारता न दिखाई कि सबों को सर्व प्रथम निकलने की चेष्टा सफल होती।

कमला समावार के पास ही निश्चेष्ट बैठी हुई थी। उसने अपने नेत्र भी मूँद लिये थे। उसे यह क्षण युगों के समान प्रतीत हुए। नेत्र बन्द होने पर भी वह प्रत्यक्ष अपने कमल के दर्शन कर रही थी। इतने में ही कमल ने अपने माता-पिता और अन्य सम्बन्धियों के साथ घर के भीतर प्रवेश किया।

'मामीजी, चाय तो उबल रही है' सरला ने पुकारा। कमला ने आँखें खोली तो देखा सचमुच ही चाय उबलती थी। उसने शीघ्रता से चाय में चीनी डाल दी और खासू (फूल की कवलियाँ जिनसे काश्मीर में चाय पीते हैं) लेकर सबको देने लगी। उसकी चेतना भाव जगत से वाह्य जगत में लौट आयी थी। कमल ने उड़ती हुई दृष्टि से उसकी ओर देखा तो उसका मन विरक्त हो उठा। कहाँ तो पश्चिमी देशों की सुन्दरियाँ, और कहाँ यह। वह बोलती हैं तो उनके मुँह से फूल झड़ते प्रतीत होते हैं। उनके अंग संचालन और भाव प्रदर्शन से ही कामना उदीप्त हो उठती है। उनका बनाव सिंगार बरबस अपनी ओर खींचता है। और कहाँ यह सुन्दरता के रहते भी निरा मिट्टी का पिण्ड मानो मुख में जीभ ही नहीं है। आधुनिकता के इस युग में यह पढ़-लिख कर भी सभ्य न हो पाई है। इन्हीं विचारों में न जाने वह कितनी देर तक निमग्न रहा। अन्त में इन विचारों को भुलाने के लिए वह ऊपर अपने कमरे में कपड़े बदलने के लिए गया। उसका अनुमान था कि मेरे पीछे ही कमला भी आयेगी। परन्तु उसकी इतनी सामर्थ्य कहाँ। इतने सम्बन्धियोंके सामने वह भला उसके पीछे कैसे जाय, यद्यपि उसका हृदय उसी की ओर लगा था। परन्तु उसको भारतीय नारी की लज्जा का गुण जन्मजात ही मिला था। अपने पाँवों में पड़ी हुई लज्जा की बेड़ी काटने का उसे साहस न था।

कमल ने कपड़े बदले। कुछ समय तक प्रतीक्षा भी की कि शायद कमला आ जाय। अन्त में ऊबकर नीचे चला आया और अपने सगे सम्बन्धियों से यूरोप की सभ्यता और संस्कृति की प्रशंसा करने लगा।

आज भोजन करने में भी विलम्ब ही हुआ। कमल की बहन शान्ता अपने बच्चों के साथ यहीं रही। और भी दो-चार सम्बन्धी रहे। शेष सभी अपने-अपने घरों को गये। रात को १२ बजने पर कमला अपने कामों से निवृत्त होकर ऊपर अपने कमरे में गई। वहाँ कमल को निद्रामग्न देखा, वह एकटक उसका मुख निहारने लगी जो कि पहले से अधिक सुन्दर और स्वस्थ दीखता था। अतीत के चित्र उसके मानस पटल पर उभर आये। उसे ब्याह के पश्चात् उन तीन चार मासों का प्रत्येक दिन स्मरण हो आया जब कि कमल यहाँ था। उसके पश्चात ही कमल के यूरोप जाने का दिन, जब कि दोनों के नेत्रों में आँसुओं की झड़ी लगी थी, परन्तु दोनों एक दूसरे को सान्त्वना देते थे। उसके पश्चात् यह तीन वर्ष कठिन विरह के कैसे बीते, एक-एक क्षण उसे स्मरण हो आया। और इस समय भी अश्रु की बूँदें टप टप करके उसके मुख को धो रही थीं, यद्यपि यह तो आनन्दाश्रु थे। कुछ समय वह इन्हीं विचारों में डूबी रही। अन्त में उठकर शिव-पार्वती की तस्वीर के सामने मस्तक झुका दिया। इनकी अपार कृपा से ही आज उसकी विरह ज्वाला शान्त होकर मनोकामना पूर्ण हुई थी। अतः वह आज इनके सामने नतमस्तक न होती तो कब।

आज उसके नेत्रों में नींद कहाँ। रह-रह कर पति का मुख देखती है, और इस आशा से कि शायद जाग जायें वहीं पर बैठ गयी। तीन बजने तक तो वह इसी प्रतीक्षा में रही। अन्त में उसे बैठे-बैठे ही झप-

कियाँ आने लगीं। पाँच बजते ही जब कमल की आँखें खुलीं तो कमला को वहीं बैठे-बैठे झपकियाँ लेते देखा। घृणा से उसने मुख फेर लिया। कुछ क्षण इसी प्रकार बीते। अब उससे न रहा गया। पाँव से ठोकर लगाकर उसे जगाया। कमला ने झट आँखें खोलीं, और वहीं पाँवों पर मस्तक झुका दिया। मुँह से एक शब्द भी न बोल पायी। यह देख कमल के क्रोध की अग्नि में आहुति पड़ी। पाँव पीछे की ओर खींच लिये, और बोले—मुझे यह सब ढकोसले अच्छे नहीं लगते। यदि यहाँ पर सोना नहीं चाहती थी तो दूसरे कमरे में जाना था। तुम्हें यहाँ आने के लिये किसी ने विवश तो नहीं किया था। यह कहते-कहते ही वह नीचे के कमरे में गया। कमला स्तब्ध रह गई। मन में अपने आपको कोसने लगी। न मालूम मुझसे क्या भूल हुई जो यह इस प्रकार बौखला उठे। अन्त में वह भी शीघ्रता से नीचे चली गई। मन ही मन आशंकित थी कि कहीं उठने में मुझे आज विलम्ब न हुआ हो।

इस प्रकार एक मास से अधिक ही व्यतीत हुआ होगा। कमल ने उसे दूर रहना ही उचित समझा। उसने कमला से कभी खुलकर बातचीत न की। कमला दिन भर सोचती कि यदि यह नहीं बोलते तो क्या मैं भी न बोलूँ। आज मैं इनसे साफ-साफ कह दूँगी तीन वर्षों के बिछुड़े प्राणी क्या इसी प्रकार मिलते हैं। मुझसे यदि कुछ अपराध भी हुआ हो तो वह मुझे बताना चाहिए था, न कि यूँ मौन धारण कर मुझे भीतर ही भीतर तड़पाना चाहिए। दिन में वह इसी प्रकार कल्पना जगत में विचरण करती। परन्तु कमल के सम्मुख जाते ही उसकी चेतना मानो लुप्त हो जाती। उसे यह भी न स्मरण रहता, कि वह उससे क्या कहना चाहती थी।

इतने में बम्बई से कमल के नाम इन्टरव्यू का पत्र आया। आज से ठीक सातवें दिन उसे इन्टरव्यू देना था। कमल ने दूसरे दिन ही वहाँ जाना निश्चित किया। कमला यह सुनते ही विह्वल हो उठी। उसने निश्चय किया कि आज वह अवश्य अपने दिल का बुखार निकालेगी। यद्यपि उसे यह समझने में विलम्ब न हुआ कि उसका पति उसकी अवहेलना करता है, परन्तु वह मन को ढ़ाढस देती कि उसको इसका अधिकार है, क्योंकि वह मेरा पति है। मुझसे अवश्य कुछ भूल हुई है, नहीं तो सहृदयी कमल इतना निष्ठुर न हो सकता।

कमल को आज अपनी बहन के घर निमंत्रण था। वह रात को भी वहीं रहा। दूसरे दिन घर पर आते ही उसने अपना सामान बाँधना आरम्भ किया। शम्भूनाथ दूरदर्शी थे। उसने कहा—"बेटा टूरिस्ट बस तो पाँच बजे प्रातःकाल में निकलती है। हम ताँगे वाले को एडवान्स देकर रखेंगे। वह प्रातःकाल चार बजे ही आ जायेगा। शाम को ही वहाँ जाने से क्या लाभ। रात को कम से कम घर में आराम तो करोगे। परन्तु कमल ने यह कह कर टाल दिया कि ताँगे वाले का क्या विश्वास। यदि उसने प्रातः आने में तनिक भी विलम्ब किया तो बस से हाथ धोना पड़ेगा। आराम की क्या बात है। रात किसी प्रकार बितानी है चाहे यहाँ रहें या वहाँ।

इस प्रकार कमल भोजन से निवृत्त होकर शीघ्रता से कपड़ा पहन कर अपने पिता के साथ चल दिया। शोभावती भी ताँगे तक पहुँचाने गयी। सरला शीघ्रता से मामी का हाथ पकड़ खींचने लगी। "मामी जल्दी चलो, ताँगा तो बाहर खड़ा है और आप यहाँ खड़े-खड़े देखती हैं।" कमला घर के बाहर द्वार तक उसका हाथ पकड़ चली गयी। फिर उससे कहा—अब दौड़कर तुम जाओ। सरला ने भी अब कमला की प्रतीक्षा न की। दौड़ती हुई ताँगे के पास पहुँची। उसे आशा थी ताँगा रुक जाने से मामा उसे अवश्य ही रुपया देंगे, और यह आशा उसकी तुरन्त ही पूर्ण हुई।

दस दिनों के पश्चात् कमल का तार मिला। उसको पाँच सौ रुपये वेतन की नौकरी मिली थी, और मँहगाई भत्ता आदि। माता-पिता की बाछें खिल गयीं। कमला भी मन ही मन ईश्वर को धन्यवाद देती जिसने उसके पति को सदा सफलता प्रदान की। कमला का हृदय असीम वेदना से दुखित था, परन्तु आशा की किरण ही उसके जीवन का सहारा थी। उसने कमल को कई पत्र लिखे। जो कुछ उसे सामने कहने की कभी सामर्थ्य न हुई वह उसने पत्रों में लिखा। परन्तु उसे एक पत्र का भी उत्तर न मिला।

आज पूरे एक वर्ष पश्चात् कमला के नाम पत्र आया। वह अपना नाम सुनते ही सहम सी गई। शीघ्रता से उठकर डाकिया से चुपके से पत्र ले लिया, और अपने कमरे में द्वार बन्ध कर पत्र को खोलने लगी। हृदय धक्-धक् कर रहा था। तरह-तरह की शंकाएँ सागर के लहरों की भाँति उठ रही थीं। पत्र पर कमल की ही लिखावट देखकर पुलकित हो गई और एक ही दृष्टि में पूरा पत्र पढ़ डाला। उसमें लिखा था।

कमला

तुम्हारे बहुत से पत्र मुझे मिले। मुझे व्यर्थ समय नष्ट करने का अवकाश कहाँ। तुम्हारे और मेरे विचारों में आकाश पाताल का अन्तर है। इस नवीनता के युग में पढ़ लिख कर भी तुम लकीर की फकीर ही रही। मैं यूरोप से बहुत सी आशाएँ लेकर लौटा था। तुम्हें देखकर मेरी आशाओं पर पानी फिर गया। तुम्हारे साथ रहने पर मुझे अपने सहकारियों तथा मित्रों में भी लज्जित होना पड़ेगा। तुम जानती ही होगी कि मैं आत्माभिमानी प्राणी हूँ। इस प्रकार सब की नजरों में गिरना मुझे नरक की यन्त्रणा से भी अधिक दुखदायी लगता है। मुझे आशा है, तुम इन थोड़े से शब्दों से ही समझ जाओगी और बार-बार पत्र भेजकर मुझे अशान्त न करोगी।

—कमल

पत्र पढ़ते पढ़ते कमला को आसुओं की धारा बहने लगी। उसे पत्र के अक्षर भी स्पष्ट न दीखते। मन में बार बार यही विचार उठता कि मुझ से तो कभी खुलकर बात भी न की, फिर मेरे विचारों का पता उन्हें कैसे लगा। मुझे सेवा का अवकाश उन्होंने दिया ही कहाँ। इन शंकाओं

के उठते ही उसने अपने मन को सान्त्वना दी। साथ ही यह भी निश्चय कर लिया कि मेरे कारण यदि वह अपने आपको समाज में गिरा हुआ पाते हैं तो मेरे लिए उचित यही है कि उन्हें कभी ऐसा अवसर ही न दूँ जिस कारण उन्हें दुखी होना पड़े। कमला अब खोयी खोयी सी रहने लगी उसका गुलाब की पंखुड़ी जैसा मुख मुरझा कर पीला हो गया मानो हरे भरे पौधे पर वज्रपात हो गया हो। उसकी माँ भी अपनी इकलौती पुत्री की ऐसी दशा देखकर सहम गई। कई बार कमला से पूछा। परन्तु कमला ने सदा मुस्करा कर टाल दिया। यद्यपि इस मुस्करानेमें भी कमला को बहुत प्रयत्न करना पड़ता। उसकी सास शोभावती भी मन ही मन कमला की उदासी देखकर घबरा गई। उसने शम्भूनाथ से कहा—'क्यों न कमला को बम्बई भेज दें। वह आजकल बहुत उदास रहती है। कमल को भी बम्बई में खाने पीने का कष्ट होता होगा। वह लज्जा के मारे लिखता नहीं है। ब्याह के पश्चात कभी एक साथ रहने भी न पाये। यदि वह नहीं लिखता तो क्या, हमें तो अपना कर्तव्य निभाना है।' शम्भूनाथने उत्तर दिया—'मैं उसे आज ही इस बारे में लिखूँगा। मुझे भी पेंशन मिलने वाली है। सर्दियों में हम भी वहीं जायेंगे।' दस दिन के पश्चात् ही कमल का उत्तर मिला। उसने शोभावती को बुलाकर पत्र पढ़कर सुनाया। उसमें लिखा था कि मुझे यहाँ खाने-पीने का कोई कष्ट नहीं है। दीवाली पर मैं श्रीनगर आऊँगा और आपको भी अपने साथ लेता आऊँगा। माताजी को भी कहना चाहिये। इधर कमला को ज्वर आने लगा। उसकी माँ ने जब सुना तो कमला की सास से कहा "कि कुछ दिनों के लिये मैं उसको अपने यहाँ ले आऊँगी।" पहले तो उसकी सास ने न माना। अन्त में यह विचार कर कि सम्भव है वहाँ इसका मन स्वस्थ्य हो जाये उसको ले जाने की अनुमति दे दी। कमला की माँ ताँगे पर बिठाकर उसको अपने यहाँ ले गयी। कई डाक्टरों ने कमला का उपचार किया—परन्तु कमला को कुछ लाभ न हुआ। यदि डाक्टर मानसिक रोगों का उपचार कर पाते तो सम्भव है कि संसार में इतने रोगी न होते। उसके माता-पिता को यही चिंता थी कि यह शीघ्र ही स्वस्थ हो, जिससे कि पति के साथ बम्बई जा सके। दीवाली आने के दो दिन पहले ही कमल घर पहुँचा। जब कमला को घर में न देखा तो अत्यन्त ही प्रसन्न हुआ। सोचा कि मेरे माता-पिता समझ गये होंगे। इसी कारण उसको पिता के घर भेज दिया। परन्तु उसको यह सुनकर अति निराशा हुई कि उसके माता-पिता बार-बार कमला के पास जाने का आग्रह कर रहे हैं। शामलाल ने जब सुना कि जमाई आ पहुँचा है तो वह तुरन्त ही उसके घर गया। कमल ने नमस्कार के अतिरिक्त उससे कोई बात न की। शामलाल मन ही मन फूला न समाता था। जमाई हो तो ऐसा हो, कितना शरमाता है। पिता के सामने मेरी ओर आँख भी नहीं उठाता। विलायत जाने पर भी इसमें कोई परिवर्तन न आया। उसने शम्भूनाथ से कमल को उसके घर निमन्त्रण पर भेजने के लिये कहा। कमल ने सुनते ही अस्वीकार कर दिया। "क्षमा कीजिये, मेरा लिवर खराब है, इसलिये कोई भी चीज़ नहीं खा सकता।" शामलाल ने कहा जो आप खाते हैं वही हम लोग बनायेंगे। परन्तु कमल ने कहा—कुछ स्वास्थ्य सुधर जाने पर मैं आ जाऊँगा। उसी रात को उसने अपने माता-पिता से बम्बई जाने का अनुरोध किया। परन्तु उन्होंने बहू का स्वास्थ्य सुधर जाने पर ही वहाँ जाना उचित समझा ताकि उसको भी अपने साथ ले जा सके। कमल को यह बात असह्य सी जान पड़ी और मन के भावों को दबा न सकने के कारण तुरन्त बोल उठा—"पिताजी, मैं उसको अपने साथ न ले जा सकूँगा। यदि आप जीवित ही मृतकके समान देखना चाहते हैं तो जैसी आपकी इच्छा। यह मैं कह देता हूँ कि उसके साथ मेरा जीवन नरकतुल्य हो जायेगा।" शम्भूनाथ यह सुनते ही दंग रह गये। मानो उनपर वज्रपात हो, कुछ क्षण पश्चात् प्रकृतिस्थ होकर बोले—"यह क्या कहते हो। कमला जैसी गुणवती, सुशील और सुन्दर नारी पाकर तुम अपने को धन्य न मानकर उसके विपरीत ही समझते हो। उसकी जैसी गम्भीर और व्यवहार कुशल नारियाँ संसार में कम ही मिलती हैं।' जब वह यह सुनेगी तो उसपर क्या बीतेगी, इसपर भी तुमने कभी विचार किया है।" कमल यह बातें सुनकर क्षुब्ध हो उठा और कुछ रुष्ट होकर बोला—पिताजी, यह हो सकता है कि वह सर्वगुण सम्पन्न हो, परन्तु मेरे योग्य वह नहीं है, जमाना बदल गया है। मेरा पोजीशन भी अब कुछ और ही है। वहाँ मुझे सभा-सोसाइटियों में जाना पड़ता है और वह वही पुराने ढंग पर चलनेवाली है। मुझे अपने सहकारियों, मित्रों तथा अधीनस्थ कर्मचारियों के बीच लज्जित होना पड़ेगा जो कि मैं मृत्यु से भी बुरा समझता हूँ। शम्भूनाथ ने बहुत समझाया परन्तु वह टस से मस न हुआ। अन्त में हार कर उसने चुप्पी साध ली। जब उसकी माँ ने यह बात सुनी तो वह भी एकान्त में कमल को समझाने लगी और कमला के गुणों का बखान करने लगी। परन्तु जब कमल ने किसी प्रकार भी स्वीकार न किया तब वह अपने कमाऊ और योग्य पुत्र की अवहेलना न कर पाई और यह विचार कर कि कमल ही जब उसे नहीं चाहता, तो मेरा उससे क्या सम्बन्ध रहा। दो चार दिन में ही उन्होंने बिना कमला के माता, पिता को सूचना दिये, बम्बई की ओर प्रस्थान किया।

आज घर लौटते समय शामलाल ने फिर से अपने जमाई को निमन्त्रण देने का विचार किया। उनके घर में ताला लगा देख कर पड़ोसियों से पूछा। पड़ोसियों के आश्चर्य की सीमा न रही। जब उसे इस प्रकार पूछते देखा अन्त में एक ने कहा—भाई साहब, उन्हें तो चार दिन बम्बई गये को हुए। क्या आपको मालूम नहीं है? शामलाल को अपने कानों पर विश्वास न हुआ। पूछा कि क्या आप अच्छी तरह जानते हैं। इस पर पड़ोसी ने कहा—भला इसमें भी कोई सन्देह की बात है। आप किसी से भी पूछ लीजिये। शामलाल की आँखों में अंधेरा छा गया।

अब किसी से पूछताछ करनी उचित न जान वह सीधे घर की ओर लौटा। उसके पाँव मन-मन भर के हो गये। वह अपने पाँवों को किसी प्रकार घसीटते-घसीटते घर तक पहुँच गया। शामरानी ने जब सुना तो उसका दुःख क्रोध में बदल गया। अपने दाँतों से ओठों को काटते हुए बोली—हमने अपनी जीवन की समस्त पूँजी लगाकर उसे विलायत भेजा। और उसकी यह सामर्थ्य, कि वह यहाँ तक आना तो दूर, हमें बिना बताये ही चल दिया। परन्तु उन्होंने अपने क्रोध को मन ही मन दबा लिया। उन्हें भय था कि कमला के कानों में यदि इन बातों की भनक भी पड़ गयी तो न मालूम उसकी क्या दशा होगी। कमला अब कुछ स्वस्थ होने लगी थी। उसको सारी घटना का पता चल गया। उसकी माँ को आश्चर्य की सीमा न रही, जब कि कमला पर इन बातों का विशेष कुछ प्रभाव न हुआ। धीरे-धीरे वह स्वस्थ होने लगी। एक दिन उसने पिता से कहा कि मैं किसी पाठशाला में नौकरी करना चाहती हूँ। घर में विशेष कुछ काम तो मुझे नहीं करना पड़ता है। माँ तो मुझे कोई काम करने नहीं देती। दिनभर व्यर्थ बैठे रहने की अपेक्षा यदि किसी स्थान पर काम करूँ तो मेरा समय व्यर्थ नष्ट न होगा। शामलाल को पुत्री की इन बातों से हृदय विदीर्ण हुआ। वह तो अपनी इकलौती पुत्री को रानी के रूप में ही देखना चाहता था और इसके लिए उसने जी तोड़कर परिश्रम भी किया था, परन्तु भाग्य ने उसका साथ न दिया। जिस पुत्री के लिए उसने जीवन की संचित पूँजी लगाई थी, वही पुत्री आज कहीं पर काम करने की चेष्टा कर रही है। अपने अश्रुओं को उसने नेत्रों में ही कृपण के धन की भाँति छुपा दिया और यह विचार कर काम में व्यस्त रहने पर इसे दुःख की विस्मृति होगी, अपनी अनुमति दे दी। कमला को शीघ्र ही बसन्ता हाई स्कूल में शिक्षिका का काम मिल गया और वह नियमित रूप से पाठशाला जाने लगी। इस बीच शामलाल ने सुना कि कमल ने बम्बई में लिली नाम की एक एँग्लो इण्डियन लड़की से विवाह कर लिया है। शामलाल का रक्त खौल उठा। वह कमल पर मुकदमा करना चाहता था। इसलिए पत्नी से विचार-विमर्श करने लगा। कमला ने यह सुनते ही अपने माता-पिता से कहा—पिताजी, क्रोध के आवेश में आप ऐसी बातें क्यों करते हैं। जब मैं अपने लिये कमा सकती हूँ, फिर किसी के सामने हाथ क्यों फैलाया जाय। इससे बढ़कर हमारे लिये कौन-सी लज्जा की बात होगी। मैं तो इस अपमान से मृत्यु को ही श्रेष्ठ समझती हूँ। अन्त में शामलाल को हार माननी पड़ी।

आज कमला पाठशाला में हाज़िरी ले रही थी। सरला का नाम लेने पर जब उत्तर न मिला तो उस ओर देखने लगी। सरला की पड़ोसी लड़की शीघ्रता से कहने लगी—उसकी मामी से उसके नाना और नानी की कुछ अनबन रहती थी। इसलिए उसका मामा अपने माता-पिता को बम्बई से यहाँ छोड़ने के लिए आ रहा था। साथ में उसकी मामी भी थी, जो कि कश्मीर घूमने के लिए आ रही थी। परन्तु बनिहाल पहाड़ में उनकी लारी को ट्रक के साथ टक्कर लग गयी जिससे कि बहुत से तो मर गये हैं और कइयों को तो इतनी अधिक चोटें आई हैं कि न मालूम उनमें कोई बचेगा भी कि नहीं। सरला की मामी और नानी तो उसी घटनास्थल पर ही मर गये हैं। परन्तु उसका मामा और नाना को अस्पताल में भर्ती किया है। भगवान जाने वह अब तक जीवित भी होंगे कि नहीं। कमला के हाथ से कलम छूटकर नीचे गिर गई। इससे वह किंकर्तव्य विमूढ़ सी हो गई। कुछ क्षणों के पश्चात् वह उठी और बिना किसी से कुछ कहे-सुने अस्पताल की ओर चल दी। अस्पताल के द्वार पर दरवान ने उसे रोक लिया और पूछा कि आप किससे मिलना चाहती हैं। कमला उसकी बात सुनते ही कुछ सचेत हुई और उसे ज्ञान हुआ कि वह अस्पताल के द्वार तक पहुँची है। यहाँ तक तो अर्द्धचेतन अवस्था में ही पहुँच चुकी थी। न जाने कौन सी शक्ति उसे यहाँ तक ले आई थी।

वह दरवान से पूछने लगी कि कल की दुर्घटना में घायलों को कहाँ रखा है। यह कहते कहते उसका कण्ठ अवरुद्ध हो गया और अश्रुधारा प्रवाहित होने लगी। दरबान भी उसकी हार्दिक व्यथा देख कर द्रवित हुआ। उसने कहा, "उन्हें इसी वार्ड में रखा गया है। परन्तु शीघ्र ही वापिस निकलियेगा, क्योंकि डाक्टरों के आने का समय हो गया है। यदि आपको देख लिया तो मेरी नौकरी छूट जायेगी।'

कमला काँपते हुए पावों से भीतर गई। वहाँ घायलों को इस हृदय विदारक स्थिति में देखा, तो उसको चक्कर आने लगा। वह उसी क्षण बाहर निकल आयी और डाक्टर की प्रतीक्षा करने लगी। बारह बजने वाले थे। डाक्टर घायलों का निरीक्षण कर बाहर निकल रहे थे। कमला शीघ्रता से डाक्टर के निकट जाकर कमल के बारे में पूछने लगी। डाक्टर ने कहा—कमल नाम का एक युवक घायल अवश्य है। वह अभी-अभी होश में आया है और अपनी पत्नी, माता, पिता के बारे में पूछ रहा था। हमने उसको फिर से बेहोशी की दवा दी है। चोट अधिक लगी है। इस कारण रक्त का ह्रास हुआ है। उसके बचने के बारे में हम अभी कुछ नहीं कह सकते। उसे रक्त की अत्यन्त आवश्यकता है। यह सुनते ही कमला का हृदय चीत्कार कर उठा। उसने कहा—"डाक्टर, शीघ्रता से मेरा रक्त उन्हें दें जिससे उनके जीवन की रक्षा हो सके"। डाक्टर ने उसकी ओर देख कर कहा कि तुम में तो इतना अधिक रक्त नहीं है। अपना रक्त उसे देकर अपनी जीवन क्यों संकट में डालती हो। वह तुम्हारे कौन होते हैं?""डाक्टर वही मेरे सर्वस्व हैं। जल्दी करिये। कहीं विलम्ब के कारण उन्हें जीवन से हाथ न धोना पड़े। यदि मैं प्राण देकर भी उनकी रक्षा कर सकूँ तो मेरा मरना भी सफल हो जायेगा।" डाक्टर ने उसके रक्त की कुछ बूँदें लेकर परीक्षा की। ईश्वरीय प्रेरणा से उसका रक्त कमल के रक्त से मिल गया और डाक्टर ने उससे रक्त लेकर कमल को दिया।

शामलाल ने दफ्तर में इस दुर्घटना के बारे में सुना था। परन्तु उसे यह न मालूम था कि घायलों में कमल भी था। वह दफ्तर से घर की

ललिता

श्यामलाल वली—(तीर्थ कश्मीरी) श्रीणगर

चिनारबाग की तरफ चूँठिक्वल गगरिबल नाला से होते हुये वे डल की तरफ जा रहे थे। ललिता ने जिन्दगी की पाँच बहारें देखी थीं। पहली बार उसने पहाड़ी पर मन्दिर देखा, वह उछलने लगी। पिता ने समझाया—नाव में उछल-कूद ठीक नहीं। वह दादी के पास गई और बोली—बड़ी अमाँ, मन्दिर कितना खूबसूरत है। क्या मैं वहाँ नहीं जाऊँगी ? दादी ने कहा—आज हम डल की सैर को जाते हैं। श्रावण पूर्णमासी को मैं तुझे वहाँ ले चलूँगी। यह पुराना मन्दिर है। बहुत-बहुत वक्त गुजरा। एक था राजा बड़ा प्रतापी। लोग उसकी बड़ी कदर करते थे। उसने जठीश्वर नाम का मन्दिर इस पहाड़ी पर बनवाया। इसमें भगवान शिव की मूर्ति स्थापित करके ब्राह्मणों और गरीबों में बहुत दौलत बाँटी। सारा मन्दिर पत्थरों से बनाया गया था। वह पत्थर 'शिलापाक' से तैयार किये गये थे। "शिलापाक क्या होता है ?" ललिता ने पूछा। दादी ने जवाब दिया—उन दिनों पत्थरों को पिघलाने का अमल कश्मीरियों को मालूम था। पत्थरों को पिघलाकर साँचे में डाला जाता था और जिस किस्म के पत्थर चाहते थे बनाते थे। कई इतिहासकार इस मन्दिर की तामीर का वक्त २१८३ साल बताते हैं। हजार साल पहले जब भगवान शंकराचार्य कश्मीर आये, उन्होंने इसके दामन में पवित्र कुण्ड कयाम किया। तबसे इस पहाड़ी को 'शंकराचार्य' के नाम से याद करते हैं। सिकन्दर बुतशिक्न ने इसके कई स्तूपों को खराब किया था। उसके बेटे बडशाह ने महात्मा श्री भट्ट के इशारे पर इसकी फिर से मरम्मत की, फिर पठानों के राज्य में सफाकों ने इस मूर्ति को तोड़-फोड़ दिया—मन्दिर खाली था। डोगरा दौर में फिर से मूर्ति स्थापित की गई। मन्दिर कला-कौशल की एक अनोखी यादगार है। इस पहाड़ी पर चढ़कर श्रीनगर का नजारा बहुत दिलकश मालूम होता है। मकान, मैदान और क्यारियाँ आँखों के सामने एक रंगारंग तस्वीर की तरह खिलती हैं। डल झील का दृश्य भी साफ देखने में आता है। हारी पर्वत की पवित्र पहाड़ी इस तरह दिखाई देती है जैसे कोई शेर पालथी मारे बैठा है।

ललिता के मूँह से यह सुनकर बेसाखता अह हहा···निकल पड़ा।

गगरिबल झील के किनारे उन दिनों हरीसिंह बुलिवार्ड तामीर नहीं हुई थी। वहाँ पानी में गिरे हुए चट्टान के साथ अमरसिंह कवलास को रास्ता जाता था और एक सड़क का मोड़ ताँगों और गाड़ियों के लिये निशात और शालामार और हारवन की तरह जाता है। गुलाब भवन के शानदार महलात अभी तामीर न हुए थे। यहाँ एक पगडण्डी जेठयार ज्येष्ठा कुण्ड की तरफ जाती थी। ज्येष्ठा यानी जेठयार कुण्ड पर लोगों ने एक मन्दिर तामीर किया है और डा० कर्णसिंह ने धर्मशाला तामीर की है।

ललिता अपनी दादी हीमाल की बातें सुनकर बहुत खुश हुई। किश्ती आगे बढ़ती हुई कबूतर खाता के बंगले के पास जा पहुँची। हीमाल ने कहा—"इस जगह राजा साहब प्रायः शाम की सैर को आते हैं। कबूतर खाने के आसपास कमल के फूल खिल रहे थे। ललिता ने तालियाँ बजाई और खुशी के मारे फूली न समायी। हीमाल ने कहा—इन कमल के फूलों पर लक्ष्मी का निवास है। इसकी जड़ में नदरू होते हैं, जो लोग पका कर खाते हैं— बड़ी लजीज चीज है।

ललिता मुँह खोले खड़ी हुई और कहा—बड़ी अम्मा हाँ।

धीमी-धीमी वायु चल रही थी जिससे डल के सतह पर साँपों की तरह छोटी-छोटी लहरें उठ रही थीं। मल्लाह अरिणमाल के गीत गाते हुए चुपे मार रहे थे। वे इस टापू के नजदीक पहुँचे जिसको 'रूपलंक' कहा जाता है। वह किश्ती से उतरे सितारों के साये तले नफीस कालीन बिछा दी। फिर चादर फैला कर नाश्ता करने लगे। 'ग्यव जीर' के चावल से बना हुआ बत, रोगनजोश, कोफ्ता, साग और दही से वे आनन्दित हुए। ललिता की जिन्दगी की इब्तिदाई मंजिल में यह सैर सपाटा, खान-पान एक नई दुनिया का सीन था। उसने महसूस किया कि अपने आँगन की गलाजत जिस पर वह खेलती थी और इधर-उधर गलीज और बदबू से पूरी गली कोचों के अलावा भी कोई दूसरी जगह है जिससे इन्सान लुतुफ अन्दोज हो सकता है। उसने हीमाल से कहा—बड़ी अम्माँ, हम अपना घर यहाँ ही बनायेंगे। दादी ने कहा—जरूर जब तुम बड़ी हो जाओगी तो डल के किनारे बंगला होगा और तुम हम में रिहाइश करोगे·········ललिता ने उछलना शुरू किया, लेकिन इस दफहबाप ने उसको रोका नहीं क्योंकि वह टापू पर कूद रही थी।

ललिता बड़ी जहीन और तुरन्त समझनेवाली थी। नजदीक से एक किश्ती में मीम साहिबा का गुजर हुआ।

कमला·········

ओर लौट रहा था कि उसे कमला का नन्दोई मिला। शामलाल ने मुँह दूसरी ओर फेर लिया क्योंकि वह उनसे सम्पर्क न रखना चाहता था। परन्तु बन्सी लाल ने स्वयं ही उसके निकट जाकर उससे पूरी घटना सुना दी। शामलाल घर की ओर न जाकर सीधे अस्पताल की ओर गया। वहाँ कमल को देखकर उसे अति दुःख हुआ। डाक्टर के यह कहने पर कि वह खतरे से बाहर हुआ है शामलाल बड़ा प्रसन्न हुआ। जिसने इसके प्राण बचाये वह महिला, महिला वार्ड में है। शामलाल जब उस महिला को धन्यवाद देने पहुँचा तो वहाँ अपनी पुत्री को मूर्छित अवस्था में पाया। उसके नेत्रों से अश्रु की बूँदें टप टप गिरने लगीं। न जाने यह आँसू दुःख के थे या सुख के।

निशात की सैर के बाद वे रात को घर आये। सुबह हीमाल ने अपनी बहू से फैसला किया कि ललिता भी स्कूल में दाखिल की जायेगी। वसन्ता गर्ल्स स्कूल कुछ ही हफ्ते पहले उनकी हमसायगी में कायम किया गया था। वह स्कूल में दाखिल की गई। लड़कियों में शीरिनी (मिठाई) बाँट दी गई और महल्ले वालों में नान बाँटे गये।

ललिता ने पढ़ाई में दिन दुगुनी रात चौगुनी तरक्की की। वह हर कक्षा में प्रथम रही। उसका शबाब बढ़ने लगा। वह मैट्रिक में कामयाब होकर श्री प्रताप कालेज में दाखिल हुई और स्कालरशिप हासिल किया। डिगरी की परीक्षा बड़ी अच्छी तरह पास की और स्टेट शिक्षा विभाग की सिफारिश पर मास्टरनी बन गई। वह ग्रेजुएट जरूर बन गई और फिर मास्टरनी, मगर अफसोस है कि उसको घर और चारो ओर का वातावरण न बदला। वही गलीज कोचे वही बदबू और गलाजत वही पुरानी दक्यानूसी रस्मों की जंजीरें, वही पुराना रहन-सहन, वही शहर में पुरानी तंग और गलीज सड़कें कि जरा सी बारिश से कीचड़ ही कीचड़ होगी कि रीतों से सारा समाजी निजाम दरहम बरहम और मुल्क में फिरकदाराना कश्मश के होते हुये शान्ति और आसाइश के तमाम सामान गायब थे जैसे गधे के सर से सींग। ललिता बी० ए० थी लेकिन लड़कपन की याद जबकि उसने 'रुपलक' का नजारा देखा था कभी भूल न सकी। वह बालों को रोजाना धो सकती थी, हफ्ता में तीन बार साड़ी बदल सकती थी, लेकिन इसकी पढ़ाई समाजी निजाम को बदलाने में उसकी कोई मदद न कर सकी। "माँ ने विवाह का सिलसिला शुरू किया, लेकिन अच्छा पढ़ा-लिखा लड़का तब मिल सकता है जब अच्छी दहेज हो। सुन्दरता और पढ़ाई की इस दुनिया के कोने में कोई कुवत नहीं। दहेज, बस दहेज। माँ ने कई संदेशे भेजे, लेकिन दहेज के संदेशे के बगैर किसी के कान पर जूँ तक न रेंगी। जवाब आया कि मछली तले बगैर खायी नहीं जा सकती।

ललिता इसी तमाम भ्रष्टाचार को देख रही थी। बहादुर महिलाओं की कहानियाँ उसको याद आयीं। उसने माँ से कहा कि वह इस तमाम शादी के मामले को खतम करे। उसने माँ से इसरार किया कि वह बालिग थी और अपने भाग्य का फैसला खुद कर सकती थी। उसने मन में ठान ली कि वह क्रान्तिकारक बनकर इखलाकी, बेईमानी, चरित्रहीनता आदि सामाजिक बुराइयों को खतम करके ही दम लेगी।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन शीतलनाथ में जलसा हो रहा था। हजारों लोग एकत्र हुए थे। ललिता भी स्त्रियों में बैठकर गीत और व्याख्यान सुन रही थी। कुछ व्यक्तियों के भाषण के बाद एक नौजवान उठा, सुन्दर और सुडौल उसके मुँह से निकले हुए पहले शब्द से ही ललिता के शरीर पर चींटियाँ चलने लगीं। रोम-रोम खड़ा हुआ। भाषण में नौजवान ने कहा—समाज की हालत को बदलना होगा। जिल्लत और पसती से आगे लेना होगा। दुनिया कहाँ से कहाँ पहुँच गई। एक नये दौर की इब्तिदा हो रही है। इस दौर के साथ नई शाहराहें खुल रही हैं। जमीन और आसमान पर इन्सान की हुकूमत होगी। कारीगरी और साहित्य को बढ़ावा मिलेगा। नई नई ईजादें होंगी और बीमारियों पर इन्सान विजय पायेगा और फिर हम गीता के कर्म फिलासफी को समझने के उपयुक्त होंगे और सच्चे भारती कहलायेंगे।

ललिता उठी और इस सभा के अन्त तक उस पथ पर ठहरी जिधर से इस नवयुवक को गुजरना था और जब वह सभा की समाप्ति पर पण्डाल से नीचे आया तो वह खामोशी से उसके तरफ गई और धीरे से नवयुवक को बधाई दी।

सुरेन्द्र हैरान हुआ कि लोग जबरदस्त जोशीले और शिक्षितों को मुबारक नहीं देते, फिर एक युवती ने उसको कैसे मुबारक किया। उसने जवाब में धन्यवाद दिया और वह चलता बना।

ललिता भी घर आई। ललिता और उसके घरवाले इष्टदेवी ज्वालामुखी खिव की तरफ ज्वाला चतुर्दशी को गये। यह स्थान श्रीनगर से पूर्व की तरफ स्थित है। धूप तेज थी। आषाढ़ की गर्मी से ज्वालामुखी मन्दिर (जो डा० बालकृष्ण कौल ने बनवाया है) को चढ़ने की सीढ़ियाँ तप रही थीं। लोग हाँफते हाँफते देवी की भेंट चढ़ाने ऊपर जा रहे थे। ललिता भी दर्शन के बाद बड़ी प्रसन्नता में डूब अपने डेरे पर वापस आयी। थोड़ी देर आराम के बाद जब वह रोटी खा चुकी उसने देखा कि आकाश पर काले बादल छा रहे हैं, फिर तूफान की आँधी चली। आँधी के साथ-साथ मूसलाधार वर्षा होने लगी। अनेक नाग पर चिनार तले वर्षा से बाढ़ आयी। पहाड़ी नाला जोश से बहने लगा। वह दौड़ती हुई एक किसान की झोंपड़ी में दाखिल हुई और निचली मंजिल को लोगों से भरी देखकर वह दूसरी मंजिल पर चढ़ गई। बारिश से भींगा हुआ सुरेन्द्र भी वहाँ आया। उसने वहाँ बैठी ललिता को पहचान लिया। एक दूसरे को नमस्ते कहके सुरेन्द्र ने कहा—"यात्रा में गुजारा करना ही पड़ता है। प्रकृति की लीला देखिये, कैसी तेज धूप थी और कैसी तेज वर्षा हुई। ललिता जवाब में बोली—यात्रा में गुजारा हो, लेकिन जीवन की यात्रा में गुजारा मुश्किल है, अगर रुपया न हो, दहेज न हो……। सुरेन्द्र की आँखों से चिंगारियाँ निकलीं। वह कुछ परेशान-सा हो गया। फिर सम्भल कर बोला—"आपका नाम?" "ललिता"। यह शब्द कहकर उसने अपने मुख को साड़ी से ढक लिया। सुरेन्द्र युवक था। चरित्र का आदर्श, लोकल कालेज में प्रोफेसर था। देवी के दर्शन को आया था और वहाँ ललिता से भेंट हुई।

वर्षा दो घण्टे होती रही। दोनों पढ़े-लिखे थे, जवान थे। बातों-बातों में खिलखिलाकर हँस रहे थे। ललिता ने नारी रूप और नैनों के बाणों से सुरेन्द्र के मन को कोमल बना दिया। जब वर्षा रुकी तो वह अनेकनाग के डेरे पर वापस आई। आकाश पर चन्द्रमा निकल चुका था।

शेष पृष्ठ २२ पर

मेरा यज्ञोपवीत

ललित रैना, कक्षा ८

पिछले वर्ष जब माँ और पिताजी को बार-बार बाजार में जाकर कपड़े खरीदते देखा तो मैंने पूछा कि इतने कपड़े क्यों खरीदे जा रहें हैं। मुझे बताया गया कि मेरे यज्ञोपवीत के लिए। अब मुझे पहली बार पता चला कि मेरा यज्ञोपवीत होने वाला था, मुझे यज्ञोपवीत के बारे में कुछ भी पता न था, इसीलिए मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ, साथ ही साथ एक उत्सुकता सी मन में आई।

दपन बता — हम लोगों का कश्मीर जाना तय हो गया। वहाँ पहुँचने पर हमारे कई सम्बन्धी हमसे मिलने आये। हम भी कई लोगों से मिलने गये। उनमें करीब करीब सब लोगों ने हमें दावत दी। मैं इस बात पर बड़ा आश्चर्य-चकित न हुआ कि हमें इतने निमन्त्रण क्यों दिये गये। मैं कुछ समझ न सका, क्योंकि निमन्त्रण तभी दिया जाता है, जब किसी के घर कोई विशेष बात होती है, और वह एक महीने में दो-तीन बार हो सकती है, पर ऐसी कौन-सी बात सबके घरों में हो सकती थी, जो सबने निमंत्रण दिया। मैंने माँ से पूछा। जब माँ ने मुझे कारण बता दिया तो मुझे पता चला कि जब किसी के घर यज्ञोपवीत होता है, तो उसके सम्बन्धी उनको दावत दिया करते हैं और इसका नाम है 'दपन बता'।

लिवुन्—आज द्वार की सफाई होती है। फिर एक प्रकार की खिचड़ी जिसे कश्मीर में 'वर' कहा जाता है। इस रोज मैं अपने 'मातामाल' गया। वहाँ खाना-पीना करने के बाद हम शाम को लौटे। रात को मैंने देखा कि कई प्रौढ़ औरतें घर में आयी हैं और वे ऊँची आवाज में गा रही हैं। थोड़ी देर बाद वे एक प्रकार का ढोलक बजाते हुए गाना बजाना करने लगीं। मैंने इस प्रकार के ढोलक कभी नहीं देखे थे। उसकी एक तरफ घड़ा जैसा मुख था, और दूसरी तरफ ढोलक जैसा था। मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। मुझे थोड़ी देर बाद पता चला कि इस ढोलक का नाम 'तुम्बखनार' है। मैं गाने को सुनना चाहता था, पर थोड़ी देर बाद सोने चला गया। गाना रात में बड़ी देर तक हुआ।

मेंहदी रात—मेंहदी रात को ९ बजे से ही गाना-बजाना शुरू हो गया। शामियाने से बाहर चारों ओर घना अन्धकार छाया हुआ था, पर अन्धकार की उस काली चादर के बीच कहीं कहीं कोई बत्ती भी दृष्टि-गोचर हो जाती थी। पास में केवल शामियाना था, जो बिजली की बत्तियों के प्रकाश से जगमगा रहा था। साथ-साथ रात के उस सन्नाटे में गाने-बजाने की आवाज दूर तक गूँज रही थी।

ठीक बारह बजे गाना एकाएक रुक गया। फिर हमारे पैर गर्म पानी से मामी द्वारा धोये गये। उसके बाद हमारे पैरों तथा हाथों में मेंहदी लगाई गई। मैंने सोचा था कि मेंहदी पीली ही होगी जिसके कारण हाथ पीले हो जाते हैं। पर मेंहदी हरे रंग की थी। मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। मेंहदी लगाने पर ठंडक पहुँचती है, यह मुझे पहले पता चला। थोड़ी देर बाद हाथ-पैर पानी से धोने पर मैंने देखा कि मेरे हाथ-पैर पर पीला रंग लग गया है। अब मुझे पीला होने का रहस्य पता चल गया। इसके बाद फिर गाना-बजाना हुआ पर कोई विशेष बात न हुई।

दिवगोण—आज सुबह घर में एक स्थान पानी से साफ किया गया। वहाँ पर फिर चार छोटी चौकियाँ रखी गईं। उन पर हम चार भाई उम्र के हिसाब से बैठे। एक भाई मुझसे बड़े थे, दो छोटे। फिर उसके बाद हमारे सिर पर एक चादर लोगों द्वारा पकड़वायी गयी। हमारे सिरों पर दूध मिला हुआ पानी डाला गया। पानी से बहुत ठण्डक लगी उसके बाद हमें मामी ने नहलाया।

आज के दिन 'मातामाल' से कई लोग आते हैं। उनके साथ एक दो बक्स भी होते हैं। उन बक्सों में कपड़े होते हैं। उन लोगों को अच्छी तरह खिलाया-पिलाया जाता है। फिर उन कपड़ों को सब लोगों में बाँट दिया जाता है।

यज्ञोपवीत — इसके लिए हमें रात को भी उठना पड़ा। हवनकुण्ड के सामने बैठने के समय हमारे सिर पर तौलिया रखा गया। बीच में एक बार पण्डितजी के कहने पर हमारे माता-पिता ने हमलोगों के ऊपर फूल फेंके। हमें बहुत मजा आया।

सुबह के समय हमलोगों के बाल नाई ने काटे। काटने से पहले उसने थोड़ा सा बाल काटकर एक मिट्टी के कटोरे में रखा। उस कटोरे में कुछ पानी तथा एक अखरोट भी था। नहाने के बाद हमें जोगिया वस्त्र पहनना पड़ा। उनमें मुख्य थी एक टोपी कनटोप की तरह और दूसरा एक लम्बा-सा चोंगा जो सारे शरीर को ढके रखता था। उसके बाद हम पण्डित जी के पास बैठे। हमें आज व्रत रखना पड़ा। बीच में एक बार हमारे कमर में एक छोटी सी सफेद रस्सी बाँधी गई। इसे कश्मीरी भाषा में 'अईट पन' कहते हैं। इसमें एक कपड़ा जिसे श्रानपठ कहते हैं कच्छे की तरह बाँधा गया।

दिन में हमें शकरपारे खाने को दिये। मैंने कश्मीर में सबसे पहले शकरपारे को चखा। एक बार हमलोगों को किसी पेड़ की पतली डाली, छड़ी जैसी दी गई और मुझसे बड़े भाई के हाथ में एक थाली दी गई। हमने हवन-कुण्ड का चक्कर लगाया और फिर मुझसे बड़ा भाई पहले भिक्षा माँगने लगा। भिक्षा सबसे पहले मासी थाली में डालती है, फिर दूसरे लोग डालते हैं।

सब चीजों के बाद अन्त में भोजन किया गया। फिर हमने जोगिया वस्त्र बदलकर दूसरे वस्त्र पहने। हमारे सिर पर पगड़ी बाँधी गई। इसके बाद हम 'गनपतयार' के मन्दिर पर गये। वहाँ हमने झेलम नदी के पानी से हाथ-पैर धोये। फिर मामाजी हमें गोद में उठाकर सीढ़ियों पर चढ़ने लगे। वहाँ से फिर घर वापस आये।

इस प्रकार वह महत्वपूर्ण दिन समाप्त हुआ। इसके बाद कई छोटी-मोटी घटनायें घटीं, परन्तु उन सब में मेरे लिए आश्चर्य से परिपूर्ण, आनन्दमय, उल्लासपूर्ण उस दिन का चित्र बार-बार मेरी आँखों के सामने आ जाता था। अब भी कभी-कभी मुझे उसकी याद आ जाती है तो एकबार फिर वह शोरगुल-भरा दिन सामने आ जाता है।

पहेलियाँ

प्रतिभा कौल, कक्षा १०

(१) ऐसा फूल गुलाब का, नहीं कभी मुरझाया, नहीं किसी के बाग में
चतुर नाम बतलाया।

(२) काला पानी उजला सूत।
जो बूझे बड़ा सपूत॥

(३) खायी थी पर चखी नहीं।

(४) सात सहेली जंगल हेली, चलो राम के पास।
जाते-जाते क्या देखा, फल के उपर दो पात॥

(५) काला तालाब झिलमिल पानी,
उसमें नाचे बुढ़िया रानी।

(६) लात लगे पर आये पास,
मरा हुआ पर खाये बतास।

(७) पीछे हो रोशनी, आगे हो नाच।
मुन्ना राजा नाम बताकर, लो बताशा पाँच॥

(८) लाल लाल चमकीला, यौवन आने पर पीला।
मरने पर सादा, वाह रे वाह मेरे लाला।

(९) काला रंगी हूँ, लाल पानी पीती हूँ,
सरकारी जवाब देती हूँ।

(१०) बतलाओ तुम मेरा नाम, दुनिया भर में हूँ बदनाम,
किन्तु किसी को नहीं सताता, बोल बोल कर तुम्हें हँसाता।

उत्तर

(१) मुर्गे के सिर का फूल (२) स्लेट और स्लेट की पेन्सिल (३) शपथ
(४) अनानास (५) कड़ाही, तेल और पूड़ी (६) गेंद (७) सिनेमा
(८) कोयला जब जलता है; जब बुझने सा लगता है, जब बुझ जाता है।
(९) बन्दूक (१०) गदहा।

हँसो और पेट फुलाओ

जवाहर भान, कक्षा ७

(१) अध्यापक : बोलो, सुरेश, तुम बड़े होकर क्या करोगे?
सुरेश : जी मैं चाँद पर जाऊँगा।
"लेकिन, तब तक तो चाँद पर रूस और अमेरिका के बहुत से लोग पहुँच चुके होंगे।" "तो मैं सूरज पर जाऊँगा।" "पर वहाँ तो बेहद गरमी होगी।" "कोई बात नहीं मैं सर्दी में जाऊँगा।"

(२) छोटी लाइन की ट्रेनें सुस्त चलने में प्रसिद्ध हैं।
एक दिन एक ट्रेन चलते चलते अचानक रुक गई क्यों कि ट्रेन के सामने गाय खड़ी थी। लोगों ने बड़ी मुश्किल से गाय को वहाँ से हटाया। ट्रेन रवाना हुई, लेकिन आधे घंटे बाद फिर रुक गई। मुसाफिरों ने पूछा—"अब क्या हुआ।" ड्राइवर ने उत्तर दिया—वही गाय ट्रेन के सामने आ गई है।

(३) अध्यापक – रामू, हिन्दी व्याकरण में कितने लिंग होते हैं?
रामू—चार-पाँच होते होंगे।
अध्यापक गुस्से में—रामू, तुम बड़े गधे हो।
रामू—बड़े तो आप ही हैं।

(४) अध्यापक—गोपाल, तुम्हारा और तुम्हारे बाप का नाम क्या है?
गोपाल—मेरे बापका नाम सूर्य प्रकाश और मेरा नाम बाल जीवन।
अध्यापक—अंग्रेजी में बोलो।
गोपाल—My father's name is Sunlight and my name is Life Bouy

मेरी कुकरनाग तथा पहलगाम की यात्रा

भुपेश ओग्रा, कक्षा ५

इस साल मैं कश्मीर गया था। वहाँ जीजी की शादी थी और मेरा यज्ञोपवीत था। शादी समाप्त होने के बाद मेरे माता-पिता मेरी बहन और मैं मामाजी के घर अनन्तनाग गये। इस जगह का नाम अनन्तनाग इसलिये पड़ा है क्योंकि यहाँ अनेकों पवित्र नाग हैं। कश्मीरी में चश्मे को नाग कहते है। वहीं से हम दूर-दूर जगह गये। सबसे पहले कुकरनाग गये। वहाँ P. W. D. की कोठी में दो दिन ठहरे। पहुँचते ही पहले वहाँ भोजन किया। हमलोगों ने जब हाथ धोये तो हाथों में बड़ी ठण्ड लगी। और ठण्ड के मारे हाथों में दर्द होने लगा। फिर भोजन के बाद थोड़ा आराम किया और फिर देर तक इधर-उधर घूमे। जब कुकरनाग के पास गये वहाँ देखा कि मुर्गे के पंजे की तरह कई जगहों पर पहाड़ के दामन में जमीन से अपने आप ही पानी निकल रहा था और बड़े शोर से एक साथ बह रहा था। कश्मीरी में मुर्गे को कुकर कहते है और चूँकि यहाँ पानी मुर्गे के पंजे की तरह कई जगहों पर उबर आता है इसी कारण यह कुकरनाग कहलाता है। यह देखकर मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। जब कुछ आगे बड़े तो देखा कि एक बहुत बड़ा चौकोर पक्का कुआँ जैसा गड्ढा है जिसमें एक पाइप लगा हुआ था। मैं यह नहीं समझ सका कि इस कुएँ से क्या किया जायेगा। मैंने अपने पिताजी से इसके बारे में पूछा तो मालूम हुआ कि इस कुएँ के ऊपर ढक्कन लगाया जायेगा और पाइप के जरिये आस-पास के गाँवों में पानी भेजा जायेगा। कहते हैं कि कुकरनाग का पानी बड़ा हाजिमी है और शरीर के लिये बड़ा लाभदायक है। शाम को फिर हम अपनी कोठी में वापस चले गये। खाना खाया और फिर कोठी के सामने ही करीब आधे घण्टे तक इधर-उधर टहले। यहाँ की रात बड़ी सुहावनी होती है। दूसरे दिन हमलोग जब नींद से उठे तो मंजन आदि के बाद स्नान किया। स्नान करने से हमें इतनी ठंड लगी कि ठंड के मारे काँपने लगे। नाशता करके इधर-उधर एक-दो घण्टे तक सैर किया। यह रविवार का दिन था और कुकरनाग की पार्क में बड़ी भीड़ थी। इस दिन भी हम वहाँ बहुत घूमे। तीसरे दिन सबेरे भोजन आदि करके तथा सामान बाँध के बस पर चढ़कर अच्छावल गये।

अच्छाबल कुकरनाग से दस मील दूर है। यहाँ मैंने तरह-तरह की मछलियाँ देखी। मैं जब कुछ आगे गया तो मैंने कुकरनाग की तरह वहाँ भी जमीन से पानी निकलता देखा। मैं कुछ और आगे गया तो मैंने बहुत बड़ा आबशार देखा। थोड़ा और आगे गये तो मुगलों का शौच घर देखा। इस पुरानी इमारत के बाहर बोर्ड पर लिखा था कि यह मुगल सम्राटों का स्नान घर था। उधर बाजार से आम खरीदे। आवशार के किनारे बैठकर उनको खाने में बड़ा मजा आया। यहाँ से हम ताँगे पर अनन्तनाग वापस आये। वहाँ से दूसरे दिन हम सब पहलगाम गये।

पहलगाम ७,००० फुट की ऊँचाई पर है। इसके चारों ओर पहाड़ हैं और वे बर्फ से ढके हैं। यहाँ एक नदी बहती है जिसका नाम लिदर है, इस कारण इस जगह का नाम लिदर घाटी पड़ा है। यहाँ दिन में कई मौसम बदलते रहते हैं। कभी धूप, कभी बादल, कभी आँधी, कभी बिजली और कभी वर्षा। यहाँ बहुत ठण्ड होती है। यहाँ का पानी बड़ा ठण्डा है। यहाँ हमारे रहने की जगह पहाड़ के दामन में करीब १०० फुट की ऊँचाई पर P. W. D. की कोठी में थी। यहाँ पर शाम का मौसम बड़ा सुहावना होता है। रात को ऐसा मालूम होता था कि यहीं पर आकाश की सीमा का अन्त है क्योंकि पहाड़ चारों ओर ऐसे घेरे हैं कि आगे कुछ नहीं दिखाई देता है। उस दिन शाम को पहलगाम क्लब में गये। वहाँ ताश, कैरम बोर्ड, टेबुल-टेनिस आदि खेलें खेली जाती थीं। इस क्लब की इमारत बड़ी आलीशान है। दूसरे दिन सबेरे खाना बाँध करके घोड़ों पर चढ़कर चन्दनवारी चल पड़े। यह पहलगाम से दस मील दूर है और ९००० फुट ऊँचा है। वहाँ जाने का रास्ता बड़ा ऊबड़-खाबड़ है। वहाँ जाते समय एक के बाद एक पहाड़ आते रहते हैं, और यह पहाड़ों का सिलसिला लगातार चलता रहता है। वहाँ जाते समय मैं अपने घोड़े को कभी-कभी बहुत तेज दौड़ाता था। एक जगह हम लोगों को घोड़ों से उतरना पड़ा और पैदल चलना पड़ा क्योंकि वहाँ बर्फ जमी हुई थी। चन्दनवारी पहुँचते ही खाना खाकर थोड़ी देर तक आराम किया और फिर सामने ही बर्फ का पहाड़ देखने गये। मैं बर्फ पर नहीं चढ़ सका, कुछ दूर चढ़कर फिर फिसल जाता था क्योंकि मेरी लाठी का नोक नहीं था। इसलिए मैंने अपने मामाजी से लाठी बदल ली और मैं तब आसानी से चढ़ गया। जब कुछ आगे बढ़े तो हमलोगों ने एक बर्फ का पुल देखा जिसके नीचे से शेषनाग का नाला बहता है और कहते हैं कि वह बर्फ का पुल कभी पिघलता नहीं है। कैसे आश्चर्य की बात है!

इसके बाद हम पिसुघाटी तक गये। आगे रास्ता अच्छा नहीं था। मैं वापिस लौट आया। यही रास्ता श्री अमरनाथजी की गुफा को जाता है। यह हिन्दुओं का एक महा तीर्थ स्थान है और हजारों की संख्या में लोग श्रावण पूर्णिमा को वहाँ दर्शन के लिए जाते हैं। चाय पीकर शरीर में गर्मी आयी। घोड़ों पर बैठकर पहलगाँव वापस लौट आये। रात को बड़ी गहरी नींद सोये। सुबह उठकर हम मामलेश्वर मन्दिर गये, जो लिदर नदी के उस पार पश्चिम की ओर है। वहाँ एक छोटा सा नाग है जिसमें कि पानी अपने आप ही जमीन से निकलता है। वहाँ से लौटकर खाना खाके सामान बाँधा और अनन्तनाग लौट आये। दूसरे दिन अनन्तनाग से वापिस श्रीनगर आये। यह सप्ताह जिसे हम ने बाहर बिताया अभी तक मुझे याद आता है और वह सब सुन्दर दृश्य आँखों के सामने आ जाते हैं। ★

समुद्री जहाज

कमल कुमार रैणा, कक्षा ५

२६ जून को हमारे पिताजी ने कहा—कल समुद्री जहाज देखना है। रात को नींद में कभी-कभी स्वप्न आता था कि कब समुद्री जहाज देखेंगे वह अन्दर से कैसा होगा। जब हम सुबह सोकर उठे तो हमने मंजन किया, लिखने का काम किया, नहाया और दूध पीया। थोड़ी देर बाद कपड़े पहनकर जहाज देखने चल पड़े। नदी के किनारे पहुँचते ही वर्षा जोर की होने लगी। हमको चिन्ता हुई अब कैसे जाएँगे। भाग्य से आखिरकार वर्षा बन्द हुई और हम जहाज की तरफ चल पड़े।

जहाज का नाम 'जलदूवा' था। बाहर से वह बहुत बड़ा लगता था। पतले काठ की एक सीढ़ी जहाज पर चढ़ने को दिखी। किन्तु उस पर पैर रखते ही वह हिलने लगी। मुझको डर लगा। बड़े साहस से ऊपर चढ़ा। अन्दर घुसते ही मकान जैसा लगा और हम इसे भूल गये कि यह जहाज है। हम सोचने लगे कि किसी होटल में हमलोग हैं। कमरे साफ-सुथरे थे। सोने के लिए चारपाई, बैठने के लिए सोफा और नहाने की जगह थी।

जहाज के दूसरे तल्ले में जाकर हम खुली जगह में आये और एक कैडेट ने हम लोगों को समझाया कि किस प्रकार लाइफ बोट खतरे के समय समुद्र में छोड़े जाते हैं, मौसम देखने की घड़ी का प्रयोग कैसे होता है और भी आश्चर्य की चीज यह देखी कि एक पुल किनारे से अलग हो जाता है और ठीक नदी की बहाव के सीध में आता है। मालूम हुआ कि जहाज़ के निकलने के बाद पुल फिर ठीक अपनी जगह पर आ जाता है।

समुद्री जहाज कितना बड़ा था। इसमें इंजन के लिए भी बहुत जगह थी। बड़ी मशीनें लगी हुई थीं। एक बड़ा-सा गोदाम भी था। उसमें भूरे रंग की बहुत चीनी थी। इस प्रकार सारा जहाज देखने के बाद फिर उस सीढ़ी से उतरना पड़ा जो हिलती थी। जिस समय हम जहाज से बाहर आये उस समय क्रेन से माल लादा जा रहा था। ग्यारह बजे हम घर आकर आराम करने लगे।

ललिता.........

(पृष्ठ १८ का शेषांश)

गर्मी कम हो चुकी थी। रातभर वह मजे की नींद सोकर सुबह गाँव ज्यवन की तरफ रवाना हुए। यहाँ अष्ट डल वाला यह कुण्ड केसर के इतिहास से सम्बन्धित है। कार्तिक का मेला लगता था उस समय केसर के फूल खिल रहे थे। कुण्ड अब खण्डहर में तबदील हो रहा है। पूर्णमासी का सारा दिन अखरोट और आदि फलों को एकत्र करने में लगा। शाली के खेत लहरा उठे थे और ललिता इतनी खुश थी जितनी जिन्दगी में वह पहले न हुई हो। वह और उसके घर वाले पूर्णमासी की शाम को परताप बाग के करीब ताँगों से उतरे। ललिता न मालूम कहाँ गई।

घर वाले परेशान हुए कि वह दो दिन नहीं आई। उसने स्कूल से दो दिनों का अवकाश लिया था। कोई कुछ समझ न सका। अचानक तीसरे दिन शहर भर में प्रोफेसर सुरेन्द्र और ललिता की शादी की चर्चा हुई। श्वाला मन्दिर समाज सुधार समिति के बाग में जाति के महान नेता एकत्र थे। ललिता बड़ी शान, लेकिन सादगी से वहाँ पहुँची।

सुरेन्द्र और ललिता ने हवन कुण्ड के चारों ओर सात फेरे लगाये। लोगों ने फूल बरसाये और हर तरफ से 'वाह वाह' की ध्वनियाँ आयीं।

शमी का कौमी अरूज व पस्ती के सारे सामान हैं अपने बस में,
वह कौम क्या खाक करेगी तरक्की जो कौम न बदले अपने रस्मों को।

मेंहदी रात

कल्पना ओग्रा, कक्षा २

अपनी माँ के साथ मैं इस बार काश्मीर गयी। सब कहते थे जीजी की शादी है। मैं सोचती थी यह शादी क्या होती है और कैसे होती है। घर में सब तरह-तरह के काम करते थे। एक दिन घर की सफाई हुई और शाम को बहुत स्त्रियाँ गाना गाने लगीं। मुझको तो बहुत ही मजा आया। उसके बाद एक दिन हम लोगों ने नहाया और कपड़े आदि धोये। उस दिन शाम को बहुत स्त्रियाँ आयीं। घर में बड़ी रौनक थी और सायबान लगा था। रात के समय बर्त्तन में मेंहदी थी। जीजी और भैया के पैर धोये गये और फिर पैरों और हाथों में मेंहदी लगाई गयी। मैं दौड़ी दौड़ी बुआ के पास गयी और बोली—मुझे भी लगाओ। हाथ में कैसी ठंढक लग रही थी, फिर भी मैंने हाथ भर मेंहदी लगाई। हाथ धोने के बाद लाल लाल हाथ देख कर मैं बहुत खुश हुई। ममी से मैंने कहा कि कलकत्ता में मैं फिर मेंहदी लगाऊँगी। उस रात को गाना-बजाना हो रहा था। एक आदमी नाचता भी था, किन्तु मैं सो गयी और जब सवेरे उठी तो गाना-बजाना बन्द हो चुका था। जीजी के पास गयी। वहाँ उसके हाथ लाल लाल देखकर मैं बहुत खुश हुई और उससे बोली कि कलकत्ते जाकर मैं फिर हाथों में मेंहदी लगाऊँगी।

Printers : The Star Printing Works, 30, Shibnarain Das Lane, Calcutta-6.